HAPPY 26 JANUARY REPUBLIC DAY

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 26 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## भारत-इंडोनेशिया के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

● रक्षा एवं डिजिटल इन्फ्रा क्षेत्र में सहयोग पर बनी सहमति

**समझौता**

**यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इंडोनेशिया हमारे 76वें गणतंत्र दिवस के जश्न का हिस्सा है: पीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हैदराबाद हाउस में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, स्वास्थ्य एवं डिजिटल इन्फ्रा क्षेत्र में सहयोग पर बनी सहमति बनी। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के साथ वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि था। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इंडोनेशिया हमारे 76वें गणतंत्र दिवस के जश्न का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति रविवार को भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। प्रधानमंत्री ने 2018 की अपनी इंडोनेशिया यात्रा को याद करते हुए कहा कि इंडोनेशिया यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाया था। आज राष्ट्रपति प्राबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए हमने तय किया है कि रक्षा विनिर्माण और आपूर्ति शृंखला में साथ काम किया जाएगा। हमने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद से मुकाबला और कट्टरपंथ से मुक्ति में सहयोग पर भी बल दिया है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमारे द्विपक्षीय व्यापार में तेजी आई है। पिछले साल यह 30 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। इसे आगे बढ़ाने के लिए हमने बाजार पहुंच और व्यापार बास्केट में विविधता लाने पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कई क्षेत्रों में हमने आपसी सहयोग को और सशक्त करने का निर्णय लिया है।

### आपदा प्रबंधन अधिकारी संयुक्त अभ्यास में भाग लेंगे

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि दोनों देशों के आपदा प्रबंधन अधिकारी संयुक्त अभ्यास में भाग लेंगे। सांस्कृतिक संबंधों और जुड़ाव के मामले में भी हमारे बीच सदियों पुराने संबंध हैं। रामायण और महाभारत से प्रेरित गाथाएं और बाली जात्रा हमारे लोगों के बीच अनवरत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के जीते-जागते प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि आसियान और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में इंडोनेशिया हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है। दोनों देश शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम आधारित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम दोनों इस बात पर सहमत हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## यमुना घाट पहुंच प्रवेश वर्मा ने साधा केजरीवाल पर निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा शनिवार को यमुना घाट पहुंचे और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर यमुना की सफाई के मुद्दे पर निशाना साधा। वर्मा ने कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री का कटआउट यमुना में डुबाया। कटआउट में केजरीवाल को अपने कान पकड़े हुए दिखाया गया था। इस कटआउट में लिखा है कि मुझे वोट मत देना। प्रवेश वर्मा ने पत्रकारों से कहा कि यमुना की सफाई कोई रॉकेट साइंस नहीं है। मशीनों से गाद को निकाला जा सकता है।
सीवरेज के लिए ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किये जा सकते हैं और जल शोधन संयंत्र बनाए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी साबरमती रिवर फ्रंट तैयार करने के लिए इसी तरह से काम किया है।
ऐसे ही यमुना के लिए भी रिवर फ्रंट तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए 11 साल एक लंबा समय था। बार-बार यमुना की सफाई का दावा करने के बाद भी वह इसे साफ कराने में नाकाम रहे हैं।



**कटाक्ष**

**कटआउट में केजरीवाल को अपने कान पकड़े हुए दिखाया गया था। कटआउट में लिखा है कि मुझे वोट मत देना**

## लोकतंत्र में मतदाताओं को दृढ़ संकल्प भी रखना चाहिए: मुर्मु

**मतदाता दिवस**

**मतदातासंकीर्णता, भेदभाव और प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे: राष्ट्रपति**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मु ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र में पूर्ण आस्था के साथ-साथ मतदाताओं को यह दृढ़ संकल्प भी रखना चाहिए कि वे सभी प्रकार की संकीर्णता, भेदभाव और प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध मतदाता हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। राष्ट्रपति नई दिल्ली में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने चुनावों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने में अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ चुनावी व्यवहार पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने युवाओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र भी दिए। राष्ट्रपति ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से इंडिया वोट्स 2024: ए सागा ऑफ डेमोक्रेसी पुस्तक की पहली प्रति भी प्राप्त की। इस मौके पर राष्ट्रपति ने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देश के 100 करोड़ मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने हमारे लोकतंत्रात्मक गणराज्य की सेवा के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान आयोग ने 18 लोकसभा चुनाव एवं 400 से अधिक विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराए हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हमारा लोकतंत्र न केवल विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र है, बल्कि यह दुनिया का सबसे विशाल, विविधतापूर्ण, युवा, समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र भी है।

## राज्यपाल ने मतदाता जागरूकता के महत्व पर बल दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
शिमलाः राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने अपने निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। आज प्रत्येक भारतीय को निर्वाचन आयोग पर गर्व होना चाहिए और इसके कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जाता है।
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज यहां ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें ह्यह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्यह्य विषय पर मतदाता जागरूकता पर जोर दिया गया।
राज्यपाल ने अपने संबोधन में भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रशंसा की। उन्होंने आयोग की पूरी टीम को लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और विश्वस्तरीय मानकों पर खरा उतरने के लिए सहराना की। उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को बधाई दी और उनसे आह्वान किया कि वे अपने साथियों के बीच मतदान के महत्व को समझाने में भरपूर योगदान दें। साथ ही, उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में नागरिक सेवाओं, पुलिस प्रशासन, गैर-सरकारी संगठनों और मीडिया के योगदान की भी सराहना की।





# भाजपा नेता के बेटे की फैक्टरी में एसआईबी का छापा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हापुड़ :** गाजियाबाद की जीएसटी विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की टीम ने शनिवार की दोपहर को गांव उपैड़ा स्थित। कई बंद पड़ी फर्मों से खरीद और भुगतान के मामले में लखनऊ मुख्यालय से आदेश के बाद तीन गाड़ियों में 10 से अधिक सदस्यों की टीम फैक्टरी पर पहुंची। एसआईबी टीम के संयुक्त कमिश्नर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि नगर के इंद्रलोक कालोनी निवासी शैंकी गर्ग की बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव उपैड़ा में हापुड़ प्लाईवुड प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म है। इस फर्म के जरिए प्लाईवुड और विनियर (लकड़ी का सामान) की खरीद और फरोख्त होती है। उन्होंने बताया कि लखनऊ मुख्यालय से एक सूची मिली



थी, जिसमें फर्म का नाम भी शामिल था। बंद पड़ी फर्मों से खरीद-फरोख्त के अलावा भुगतान हुआ है। कुछ फर्मों के रजिस्ट्रेशन भी निरस्त हैं, इसके बाद भी लेन-देन हुआ है। इसलिए फर्म के दस्तावेज टीम लेकर जांच कर रही है। इसे एक रूटीन जांच कहा जा सकता है। हालांकि, फैक्टरी संचालक ने टीम को बताया कि वह पूरा टैक्स आदि सभी जमा कर चुके हैं।

**कार्रवाई**

**भाजपा उत्तरी के मंडल अध्यक्ष पवन गर्ग के पुत्र शैंकी गर्ग की प्लाईवुड फैक्टरी पर छापामार कार्रवाई की**

**छापे की सूचना से मची अफरा-तफरी**

भाजपा नेता के पुत्र से जुड़ा मामला होने के कारण जिले में अफरा-तफरी मच गई। एक-एक कर भाजपाई मौके पर पहुंचने लगे। जिस कारण मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। मामले में भाजपा उत्तरी के मंडल अध्यक्ष पवन गर्ग का कहना है कि एक रूटीन जांच के लिए टीम आई थी। जांच में कोई चोरी आदि नहीं मिली है। टीम जांच करके वापस लौट गई है।

**भाजपा जिलाध्यक्ष भी मौके पर पहुंचे**

छापे की सूचना के बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश तोमर भी मौके पर पहुंचे। एकतरफ जीएसटी के अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों को फैक्टरी में एंट्री नहीं होने दी। वहीं, दूसरी तरफ जिलाध्यक्ष नरेश तोमर आदि को फैक्टरी में जाने दिया गया।

शाम के समय सभी कार्यकर्ता फैक्टरी के बाहर आए और चुपचाप चले गए। हालांकि, जिलाध्यक्ष नरेश तोमर का कहना है कि यह एक रूटीन जांच थी। रूटीन जांच के लिए अधिकारी आए थे। सूचना पर मैं भी गया था। किसी ने कोई जांच प्रभावित नहीं की है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्रम नन्दा निवासी जी/एफ प्लस 1 नं. परिसर खसरा नं.137/8, गांव बिजवासन, सालापुर गांव के पास, नई दिल्ली-110061** ने **CT No. 1363/2021, U/S 135 Indian Electricity Act,** अन्तर्गत **थाना कापसहेड़ा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्रम नन्दा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्रम नन्दा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT No. 1363/2021, U/S 135 Indian Electricity Act,** अन्तर्गत **थाना कापसहेड़ा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्रम नन्दा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार,
**श्री विनोद कुमार मीना**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (दक्षिण-पश्चिम), द्वारका न्यायालय, दिल्ली**

**DP/15184/SW/2024 (Court Matter)**


# गाड़ी के बोनट पर ट्रैफिककर्मी को एक किमी तक घसीटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में चेकिंग के लिए रोकने पर ट्रैफिककर्मी को कार के बोनट पर एक किमी तक ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित के पास ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ी के कागज नहीं थे। इसलिए मौके पर उसने गाड़ी नहीं रोकी। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा के मुताबिक ट्रैफिक कांस्टेबल योगेंद्र कुमार शुक्रवार को राजनगर एक्सटेंशन में ड्यूटी पर थे। इसी दौरान एक सेंट्रो कार को उन्होंने रूकने का इशारा किया, लेकिन

**टक्कर**

**पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित के पास ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ी के कागज नहीं थे**

आरोपित कार चालक ने कार रोकने की बजाय उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से योगेंद्र कार के बोनट पर आ गए। आरोपित कार चालक बोनट पर ही बैठे कांस्टेबल को करीब एक किमी दूर तक ले गया। एक बाइक सवार ने आरोपित को रोकने का प्रयास किया तो उसे भी टक्कर मार दी।

# व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाने के विरोध में किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मोदीनगर।** रुक्मिणी मोदी मार्केट के सामने से अतिक्रमण हटाने के विरोध में व्यापारियों ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पर हंगामा किया। दुकानदारों ने नए स्थान पर ठिए दिए जाने की मांग की। पालिकाध्यक्ष ने दुकानदारों को आश्वासन दिया। इसके बाद व्यापारी शांत हुए।

बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद की टीम दिल्ली मेरठ मार्ग पर रुक्मिणी मोदी मार्केट के सामने से अतिक्रमण हटाने पहुंची थी, अतिक्रमण हटाते समय टीम को व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा था। व्यापारियों ने हंगामा करते दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम लगा दिया था। शुक्रवार



को पूर्व विधायक सुदेश शर्मा रुक्मिणी मार्केट पहुंचे और व्यापारियों से बात की। पूर्व विधायक ने कहा कि इस स्थान पर व्यापारी करीब 45 साल से व्यापार करते आ रहे है, वह व्यापारियों के साथ हैं। किसी भी व्यापारी भाई के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

पूर्व विधायक ने पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली से फोन पर बात की। इसके बाद व्यापारी नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे और पालिकाध्यक्ष से नए ठिए दिए जाने की मांग की।

पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली का कहना है कि मार्केट के सामने से अतिक्रमण को हटाकर वहां

**विरोध**

**नगर पालिका परिषद कार्यालय पर हंगामा किया। दुकानदारों ने नए स्थान पर ठिए दिए जाने की मांग की**

वाहन पार्किंग बनाने की योजना है। जिससे मोदी मंदिर, कोतवाली के आसपास लोगों को जाम से निजात मिल सके। फल एवं अन्य सामान बेचने वालों को मोदी मंदिर के सामने मोदी शुगर मिल के निकट रेहड़ी लगाने के लिए जगह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान मोदी मंदिर के निकट जलभराव की समस्या रहती है। अतिक्रमण हटने के बाद पक्का नाला बनाकर लोगों


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू- I (NIT-59) दिनांक:24.01.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत नलसाजी पाइप और पंप हाउस के साथ आरसीसी ओ/एच टैंक का निर्माण और बोर के साथ 225 केएल पंप हाउस और केयूएन और केकेडीई कॉलोनी में प्रत्येक में एडेन/कुन के अधिकार क्षेत्र में ओवरएज स्टील टैंक के बदले में। |
| अनुमानित लागत | रु. 19266320.99/- |
| धरोहर राशि | रु. 246300/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gatway के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 18.02.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 18.02.2025 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| सामान प्रकार के कार्य | प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हैड टैंक/आरसीसी फ्रेम्ड संरचना का निर्माण/मरम्मत। |

**नोट:-** शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

**275/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, पंपों पर सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**हेलमेट**

**पेट्रोल पंपों पर 26 जनवरी से दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल तभी मिलेगा, जब उनके पास हेलमेट होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा :** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सभी पेट्रोल पंपों पर 26 जनवरी से दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल तभी मिलेगा, जब उनके पास हेलमेट होगा। अगर उनके पीछे कोई बैठा है तो उसका भी हेलमेट लगाना जरूरी है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने सभी पंप संचालकों को निर्देशित दिया। सभी पंप पर सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त रखना होगा, ताकि हेलमेट को लेकर होने वाले विवादों के




निस्तारण में आसानी हो।

प्रदेश सरकार ने हेलमेट के बिना दोपहिया वाहनों को पेट्रोल देने पर रोक लगा दी है। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि सड़क हादसों में हेलमेट के बिना होने वाली मौत पर अंकुश लगाया जा सके। जिला पूर्ति अधिकारी ओमहरि उपाध्याय ने बताया कि आदेश लागू कर दिया गया है। रविवार से किसी भी पंप पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। सभी पंप पर जागरूकता के लिए बैनर और पोस्टर लगाए गए हैं।

# स्कूलों को खालिस्तानी आतंकियों की धमकी

**गाजियाबाद।** खालिस्तानी आतंकियों ने एनएच-24 स्थित गुरूकुल स्कूल को धमकी भरा मेल भेजा है। मेल में 26 जनवरी को अमेरिका और कनाडा में भारतीय दूतावासों को घेरने और राष्ट्रपति को झंडोत्तोलन करने से रोकने का दावा किया गया है। स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर वेव सिटी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरूकुल स्कूल को भेजा गया मेल अब्दुल अजीज के नाम से है। ई-मेल में दावा किया गया है कि खालिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने पर सवा लाख रुपये का ईनाम दिया जाएगा। खालिस्तान जनमत संग्रह दस्ता किसानों के सक्रिय समर्थन के साथ ट्रैक्टरों के साथ इंडिया गेट की घेराबंदी करेगा। दिल्ली के स्कूली बच्चों के लिए संदेश दिया गया है कि घर पर रहें, सुरक्षित रहें।

# होटलों में ले जाकर बार-बार किया दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** विजय नगर थाना क्षेत्र में लव जिहाद के लिए शादीशुदा महिला से दुष्कर्म कर मतांतरण के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोपी युवक इमरान नौ जनवरी को महिला को अपने साथ बहलाकर ले गया था। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर महिला को बरामद कर लिया है। विजय नगर थाना क्षेत्र में रहने वाला युवक ग्रेटर नोएडा की फैक्ट्री में काम करता है। उसकी शादी दिसंबर 2023 में खोड़ा की रहने वाली युवती से हुई थी। महिला के पति का कहना है कि खोड़ा में ही रहने वाले इमरान नामक युवक से उनकी पत्नी की बातचीत होती थी। इसका पता उन्हें कई माह बाद चला। नौ जनवरी को उनकी पत्नी बिना बताए कहीं चली गईं। काफी तलाश करने

**मामला**

**विजय नगर थाना क्षेत्र में रहने वाला युवक ग्रेटर नोएडा की फैक्ट्री में काम करता है**

पर भी जब कोई जानकारी नहीं मिली तब उन्होंने थाने में गुमशुदगी लिखा दी। उन्हें कई दिन बाद पता चला कि उनकी पत्नी खोड़ा निवासी इमरान के साथ गई है। इमरान एक फूड डिलीवरी कंपनी में राइडर है। पुलिस ने आरोपित इमरान को गिरफ्तार कर महिला को बरामद कर लिया है। महिला ने पूछताछ में बताया कि इमरान उसे कई मस्जिदों में लेकर गया। दोनों दिल्ली और गाजियाबाद में ही घूमते रहे।


**Format C-7**

**(for political parties to publish in newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commision's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

| | |
|---|---|
| Name of Political Party | **INDIAN NATIONAL CONGRESS** |
| Name of the Election | **LEGISLATIVE ASSEMBLY** |
| Name of State/UT | **NCT DELHI** |
| Name of the Constituency | **18-MODEL TOWN** |
| Name of the candidate | **KANWAR KARAN SINGH** |

| Sl.No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal Antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | FIR No. 34/2014, P.S. AC Branch, Delhi, U/S 468, 471, 471A, 283, 431, 1208, 34 of IPC |
| | b. | Case no | CRL.M.C. 2410/2014 |
| | c. | Name of the Court | Hon'ble High Court of Delhi |
| | d. | Whether Charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | No |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | No |
| | g. | Any other information required to be given | Quashing petition u/s 482 Cr.PC filed before Hon'ble High Court being CRL.M.C. 2410/2014. Same is pending being regular matter. |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability at the polls (not more than 100 words) | | Candidate has represented the constituency as MLA various times. He comes from a family dedicated to public service and has been deeply committed to the ideals of the party. He has good track record of public service and has remained an accessible leader. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words). | | Candidate is well aware of the constituency and its issues. He has also served on various organizational positions within the party and was found to be a better choice amongst others. |

Signature of office bearer of the Political Party

**RAJESH GARG**
**AUTHORISED SIGNATORY**
**(CHAIRMAN, BOOTH MANAGEMENT COMMITTEE)**
**DELHI PRADESH CONGRESS COMMITTEE**



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी नोटिस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी जिसका विवरण सारणीबद्ध है-

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area | ई-कैटलॉग | ई-नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 89.16 sqm | UMB-Advt-03-25 | 30.01.2025 को 15:00 बजे |
| 2 | सरहिन्द रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2160 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 30.01.2025 को 15:00 बजे |
| 3 | गिदड़वाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1500 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 4 | धुरी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1872 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 5 | सहारनपुर स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 6 | फतेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 4188 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 7 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2109.41 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | अंबाला शहर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 91.12 sq.ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 6109 sq.ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 10 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq.ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 11 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1028 sq.ft. | UMB-Advt-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |
| 12 | बठिंडा स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2528 sq.ft. | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |
| 13 | अंबाला शहर स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1600 sq.ft. | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |
| 14 | अम्बाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका। | - | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |
| 15 | अंबाला कैंट व सहारनपुर स्टेशनों पर बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख-रखाव करते हुए, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्हीं बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका | - | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये। **282/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

**मैं शिवेन्द्र कुमार पुत्र श्री अशोक कुमार निवासी मकान नं. 138 राधा कुंज प्रर्थला खर्जपुर सेक्टर- 122 नोएडा, ज़िला गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश, पिन-201304 का निवासी हूँ। मुझसे त्रुटिवश मेरी बीबीए-एचएम की मार्कशीट दिनांक 12.01.2025 को कहीं गुम हो गई है, जिसका अनुक्रमांक नं. एम-1092060067 है। जिस किसी को मिले उपोरक्त पते पर भेजने की कृपा करें।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगर आए संजय सिंह, मुकेश गोयल को बना गए 'किंग'

## ● जहांगीरपुरी में आयोजित हुई जनसभा में हजारों लोग हुए शामिल ● ट्रेंडिंग रहा 'केजरीवाल है हीरो' का नारा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे वैसे सियासी सरगर्मियाँ बढ़ती जा रही हैं। दिल्ली के साथ साथ आदर्श नगर का चुनाव भी दिलचस्प मोड़ पर पहुंच चुका है। शनिवार को आम आदमी पार्टी के सांसद और फायर ब्रांड नेता संजय सिंह आदर्श नगर पहुंचे। जहांगीरपुरी में आयोजित हुई विशाल जनसभा में संजय सिंह ने भाजपा को तो घेरा ही। साथ ही केजरीवाल की मुफ्त वाली योजनाओं पर खूब तालियाँ भी बटोर गए। पूरी जनसभा में संजय सिंह ने भाजपा को खूब लताड़ा।

**भाषण में क्या बोले संजय सिंह**

अपने भाषण में संजय सिंह का वही चिर परिचित अंदाज देखने को मिला। जिसके लिए वो जाने जाते हैं। पहले तो उन्होंने केजरीवाल सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उसके बाद भाजपा को ऐसा लपेटा कि सभा में मौजूद हर व्यक्ति हर व्यक्ति उन्हें टकटकी लगाए सुनता दिखाई दिया। संजय सिंह ने कई नारे बोले। मिसाल के तौर पर 'बिजली-पानी-बस का किराया जीरो, केजरीवाल है हीरो'। इस नारों से संजय सिंह ने ऐसा समा बाँधा कि जनसभा में सभी नारे ट्रेंडिंग होने लगे।

**मुकेश गोयल के बारे में क्या बोले संजय सिंह :** संजय सिंह ने कहा कि मुकेश गोयल आप सबके बीच के नेता हैं और आप सब इनकी कार्यशैली से वाकिफ हैं। मुकेश गोयल ने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के हर वार्ड के समस्या से वाकिफ हैं और मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि मुकेश गोयल को अगर आप जीताते हैं तो आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य थमेंगे नहीं। विकास कार्यों की झड़ी लग जाएगी।

**सांसद संजय सिंह का हुआ अभिनंदन, फूलमालाओं से किया भव्य स्वागत:** राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आदर्श नगर पहुंचने पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मुकेश गोयल और उनके कार्यकर्ताओं ने भव्य अभिनंदन किया। सभी ने मिलकर फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद, मुकेश गोयल जिंदाबाद, सांसद संजय सिंह के नारों से पूरे क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। पूरा क्षेत्र आम आदमी पार्टी के झंडों और कार्यकर्ताओं से भरा नजर आ रहा था।

**संजय सिंह ने बीजेपी को घेरा:** सांसद संजय सिंह ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ झूठ की राजनीति करती है। पीएम मोदी और अमित शाह ने सिर्फ झूठ बोला है। भाजपाई इतने डरे हुए हैं कि अभी तक संकल्प पत्र जारी कर रहे हैं। हमारे फ्री की घोषणाओं को रेवड़ी कहने वाले भाजपाई आज खुद संकल्प पत्रों में रेवड़ियां बांट रहे हैं। भाजपा अगर दिल्ली की सत्त में आ गई तो झुग्गीवासियों क उजाड़ देंगे।




# वजीरपुर का विधायक 'अब नहीं सहेंगे-बदल के रहेंगे' : पूनम भारद्वाज







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने शनिवार को सुबह से ही वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई इलाको में जोरदार जनसंपर्क किया और कई जगह बैठके भी ली।

आपको बात दें कि जगह-जगह लोगों ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का जोरदार स्वागत किया और कहा कि पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतों से विजयी होंगी क्योंकि पूनम भारद्वाज वादे की पक्की है।

**बोली पूनम भारद्वाज, वजीरपुर का विधायक 'अब नहीं सहेंगे-बदल कर रहेंगे'**

अपनी पदयात्राओं में पूनम भारद्वाज अपने विरोधियों पर जमकर हमला बोल रही हैं। वर्तमान विधायक के 10 वर्षीय कार्यकाल को पूनम ने काला कार्यकाल बताया।

उन्होंने कहा कि इस कार्यकाल में इलाके की जनता पानी को तरस गई। अच्छी सड़कों को तरस गई। इसलिए अब इस विधायक को नहीं सहेंगे। हम सब इसे बदल कर रहेंगे। आप अपना बहुमूल्य वोट अपनी बेटी-बहन को देकर हिम्मत बढ़ायें। आपका एक वोट वजीरपुर विधानसभा की तकदीर और तस्वीर, दोनों बदलने का काम करेगा।

**पूनम भारद्वाज ने कहा**

▸▸ जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**भाजपा प्रत्याशी ने कई जनसभाओं को किया संबोधित:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वजीरपुर जेजे कॉलोनी के कई ब्लॉको में, पुलिस कॉलोनी अशोक विहार, सुविधा अपार्टमेंट अशोक विहार फेस-4, छतरी वाला पार्क निमड़ी कॉलोनी के अलावा क्षेत्र के कई इलाको में जनसंपर्क किया और बैठक में लोगों को संबोधित किया।

**जनता भाजपा के समर्थन में करेगी मतदान:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कई सभाओं में जनता ने कहा कि इस बार हम भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को वोट करेगें क्योंकि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। आप ने हमें धोखा देने का कार्य किया है।

**लोगों ने किया पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत:** जनसभा, जनसंपर्क के दौरान लोगों ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का जगह-जगह स्वागत किया और बुजुर्गों ने उन्हें जीत का आशीर्वाद भी दिया।

आपको बातदें कि जहां पर भी पूनम शर्मा भारद्वाज जनसंपर्क के लिए जा रही है, जनता उन्हें विजयी बनाने की बात कह रही है।

**आप से जनता का हुआ मोहभंग:** जनसंपर्क व जनसभाओं में जनता का समर्थन मिलने से भाजपा प्रत्याशी काफी खुश है और उनका कहना है कि इस बार वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का आम आदमी पार्टी से मोहभंग हो गया है। जनता भाजपा के पक्ष में है। भाजपा का समर्थन करने की बात कह रही है।

**आप ने जनता को केवल धोखा देने का कार्य किया:** वजीरपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।








## न्यूज फ्लैश

### दुकान से बैंक जाने निकले बुजुर्ग को दोपहिया वाहन ने चपेट में लिया, मौत

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार दो-पहिया वाहन ने दुकान से बैंक जा रहे बुजुर्ग को चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग घायल हो गया। उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुर्गा कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि वह निजी कंपनी में बहालगढ़ नौकरी करता है। उसके पिता अमलेश मुरथल अड्डा के पास दिल्ली-पानीपत सर्विस रोड पर पीएनबी बैंक के साथ में परचून की दुकान से सुबह बैंक में जाने के लिए निकले थे। सर्विस लाइन में पहुंचते ही दिल्ली की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार दो-पहिया वाहन चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में उसका पिता घायल हो गया। गंभीर हालत के चलते उन्हें नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई मंजीत कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बाइक सवार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### शिक्षा के मंदिर से बैटरी व सामान चोरी करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस ने स्कूल से इनवर्टर, बैटरी व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित जितेंद्र सोवराम निवासी मलिकपुर, पवन निवासी रसूलपुर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मिमारपुर स्थित स्कूल के इंचार्ज ने गत 28 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि स्कूल के चौकीदार ने अवगत करवाया कि स्कूल में चोरी हो गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर सामान की जांच की। जिसमें स्कूल से इनवर्टर, बैटरी व अन्य सामान चोरी होना पाया गया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। मामले को लेकर गांव के सरपंच को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी उप निरीक्षक तेजप्रकाश ने बताया कि मामले में तीन आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### गोली मारकर युवक की हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सीआईए-1 सोनीपत पुलिस ने युवक की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आकाश उर्फ वाशु निवासी बरोणा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव बरोणा निवासी कमला ने गत 16 सितंबर 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके बेटे बृजेश की रंजिश हत्या की गई है।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में गणतंत्र दिवस का उल्लासपूर्ण आयोजन

### इस आयोजन ने विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति और जिम्मेदारी का भाव विकसित किया

**हर्षोल्लास**

**लगभग 10 विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर में गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा में कक्षा 5 और 6 के विद्यार्थियों द्वारा भावपूर्ण कविताओं, ओजपूर्ण शब्दों, और मधुर देशभक्ति गीतों के साथ हुई। लगभग 10 विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान 25 जनवरी, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के शिक्षक कर्मवीर ने विद्यार्थियों को भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने और अपने मताधिकार का सही उपयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग की समन्वयक श्रीमती वंदना और पूर्व प्राथमिक विभाग की समन्वयक श्रीमती अमिता अरोड़ा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने फेस पेंटिंग एक्टिविटी में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने चेहरों पर तिरंगा बनाकर अपनी देशभक्ति की भावना प्रकट की।

कक्षा 6 के विद्यार्थी सृजन द्वारा प्रस्तुत एक देशभक्ति गीत ने पूरे माहौल को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। उनकी इस शानदार प्रस्तुति के लिए विद्यालय प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने उन्हें 101 रुपये का नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। मंच के दोनों ओर लहराते तिरंगे और छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने समारोह को और भी गरिमामय बना दिया। शिक्षिका श्रीमती प्रवीण शर्मा द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने भी सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज श्रीमती गौरी वंदना ने बताया कि इसी अवसर पर गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, टैलेंटेक्स परीक्षा में 200 और 232 रैंक हासिल करने वाले विवान और एकसप्रीत को सम्मानित किया गया। सभी भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक पेन भेंट किया गया।

विद्यालय प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने टैगोर सदन की इंचार्ज श्रीमती मंजू सचदेव की इस आयोजन में विशेष भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों, समन्वयकों और विद्यार्थियों की प्रशंसा की और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए इसे एक प्रेरणादायक आयोजन बताया।

इस आयोजन ने विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति और जिम्मेदारी का भाव विकसित किया। गणतंत्र दिवस का यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

# प्रत्येक मतदाता को करना चाहिए मत का प्रयोग:सोनू



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि देश की प्रगति के लिए प्रत्येक मतदाता को अपने मत का निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से प्रयोग करना चाहिए। प्रत्येक मतदाता को अपने जहन में इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदाता सूची में शामिल नाम वाला व्यक्ति ही अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार रखता है। इसलिए सभी को मतदाता सूचियों में भी अपना नाम दर्ज करवाना चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ऑन लाइन प्रणाली से भारत चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयोग की स्थापना को लेकर अपना संदेश दिया। एडीसी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में किसी भी व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग सुविधानुसार करने का अधिकार है। कोई भी व्यक्ति सहजता से अपने वोट को एक स्थान से दूसरे स्थान पर हस्तांतरित कर सकता है। मतदाता को पहचान पत्र बनाने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। उसे समय रहते मतदाता सूची में भी अपने नाम को शामिल करवाना चाहिए। मत का प्रयोग न करने से देश को नुकसान होता है।

# चाचा के 44वें जन्मदिवस पर देवेंद्र गौतम ने किया 44वाँ रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: माँ** भारती रक्तवाहिनी के संस्थापक सदस्य रायपुर गांव निवासी देवेंद्र गौतम ने अपना 44वां रक्तदान अपने चाचा समाज सेवी प्रेम गौतम के जन्मदिन के अवसर पर किया । देवेंद्र गौतम ने बताया कि रक्तदान में युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके उनके चाचा प्रेम गौतम को देख कर ही इस सेवा कार्य से जुड़े और लगातार हर 3 महीने में रक्तदान करता हु और सभी से अपील करता हु कि रक्तदान हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए । रक्तदान से कमजोरी नही आती बल्कि हम और अधिक स्वस्थ होते है और किसी जरूरतमंद का जीवन बचाते है।

# 300 खण्डित राष्ट्रीय ध्वजों को करवाया नगर निगम में जमा

**पहल**

**तिरँगा सम्मान संकल्प टीम लगातार जनता को जागरूक कर रही, कुल 9319 खण्डित ध्वजों को उतारा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: माँ** भारती रक्तवाहिनी की मुहिम तिरँगा सम्मान संकल्प के तहत आज 10 विशाल खण्डित ध्वजों सहित 300 खण्डित राष्ट्रीय ध्वजों को नगर निगम में जमा करवाया । इस मुहिम का आगाज करने वाले संस्था सचिव प्रेम गौतम ने समस्त देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि तिरँगा सम्मान संकल्प टीम लगातार जनता को जागरूक कर रही है । जिसके चलते 5 जिलों से सेकड़ो तिरँगा विरो ने अब तक कुल 9319 खण्डित ध्वजों को उतार कर नगर निगमों में जमा करवाया है । उन्होंने कहा कि 15 अगस्त व 26 जनवरी को हम शान से तिरँगा फहराते है लेकिन बाद में उसे भूल जाते है । 2से 3 महीने में ही ध्वज आंधी व धूल मिट्टी में या तो फट जाता है या उसके धागे निकल जाते है । ऐसी बदहाल अवस्था मे होते ही उसे या तो बदल दे या सम्मान सहित उतार कर रख ले व नगर निगम अथवा तिरँगा सम्मान संकल्प टीम को जमा करवाये । तिरँगा विरो का कहना है कि अक्सर देखा जाता है राष्ट्रीय ध्वज , पेड़ पर बधा , रोड पर गिरा हुआ , छतों पर फटा हुआ , कूड़े के ढेर में , गेट पर बंधा हुआ , गाड़ियों के पीछे लगाया हुआ पाया जाता है जोकि बहुत गलत है । भारतीय ध्वज संहिता, 2002, राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े नियमों का एक कानून है. इस कानून में राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन से जुड़ी जानकारी दी गई है. इसके अलावा, राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 भी है. इस अधिनियम में राष्ट्रीय गौरव अपमान से जुड़े नियम हैं. हमे सभी नियमो का पालन करना चाहिए । तिरँगा यात्राएं अवश्य निकाले लेकिन उस दौरान हमे तिरंगे के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए । सबसे अधिक ध्वज उतार चुके तिरँगा वीर रामबीर शर्मा ने भी जनता से अपील की है कि हम हर जगह से तो ध्वज उतार नही सकते लेकिन जनता जागरूक हो जाये तो राष्ट्रीय ध्वजों को हमे जगह जगह से उतारना न पड़े।

# नशे के विरुद्ध शपथ ग्रहण करवाई, नशा विष के समान



**उपाय**

**आधुनिक सोशल मिडिया से जुड़कर और अन्य लोगों को जोड़कर नए उपायों का प्रयोग कर रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** नशे के विरुद्ध एक युद्ध के रूप में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और हरियाणा पुलिस बहुत गति से नशे का दमन करने की और अग्रसित है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, आईपीएस अनेक प्रकार से पारम्परिक उपायों के साथ साथ आधुनिक सोशल मीडिया से जुड़कर और अन्य लोगों को जोड़कर नए उपायों का प्रयोग कर रहे हैं। आज इस नशे रुपी राक्षस का वध करने के लिए एकजुटता के साथ काम करने की आवश्यकता है। ये शब्द हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहे। वे आज प्रातः साइकिल लेकर निकले और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। बस अड्डे पर लोगों को एकत्रित कर नशे के विरुद्ध व्याख्यान दिया और कहा कि नशा मनुष्य के लिए विष के समान है। उन्होंने बताया कि हरियाणा को ड्रग फ्री करने के लिए हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया है जिसका मुख्यालय मधुबन में स्थित है। पुरे प्रान्त को नशा मुक्त करने के अभिप्राय से प्रतिदिन अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।

# मुख्यमंत्री सैनी के जन्मदिवस पर भाजपा नेताओं ने गौशाला में किया सेवादान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्म दिवस पर लाडवा श्रीकृष्ण गौशाला में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अलावा भाजपा नेताओं ने गौशाला में सेवादान भी किया।

श्रीकृष्ण गौशाला सोसायटी के प्रांगण में शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्म दिवस पर ब्लॉक अध्यक्ष लाडवा शिव गुप्ता के साथ-साथ जिला भाजपा की तरफ से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, हरियाणा पशुधन एवं डेयरी विकास निगम के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, नपा चेयरमैन साक्षी खुराना,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता सहित धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मंत्रोच्चारण के बीच आहुति डाली। इसके बाद सभी ने गौशाला में सेवादान भी किया।

### भीख मांगने वाले पांच बच्चों का किया रेस्क्यू

**सोनीपत: मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस ने खेतों से ट्यूबवेल की तार व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सलमान हुसैन निवासी यूपी हाल में धतूरी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मलिकपुर निवासी सोनू ने गत 14 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उन्होंने अपने खेत में कोठरा बना रखा है। जिसका गत 30 दिसंबर को ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की जांच की तो एक टैंपू में सामान लेकर जाते हुए दिखाई दिए।

# राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को लेकर जिला पुलिस अलर्ट



**चाक चौबंद**

**प्रवरुण सिंगला के आदेश पर सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने एरिया में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड़ पर है। जिला पुलिस द्वारा जिले भर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के आदेश पर सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने एरिया में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया हैं। 26 जनवरी 2025 को पुलिस लाईन में माननीय सांसद कुरुक्षेत्र श्री नवीन जिंदल के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। आयोजन स्थल व आयोजन स्थल की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आयोजन स्थल के आसपास की सुरक्षा के लिए पीसीआर व चीता राइडरों को तैनात किया गया है। जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाने के लिया पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किये गये। आयोजन स्थल के प्रवेश द्वार पर मैटल डिटेक्टर लगाए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सभी पर्वेक्षण अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने एरिया में होटलों व धर्मशालाओं में विशेष चैकिंग अभियान चलाये जा रहे हैं। पुलिस की टीमों द्वारा सभी बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालयों, ढाबों आदि पर चैकिंग की जा रही है। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग एरिया में धार्मिक स्थानों, सार्वजनिक स्थानों व अन्य संस्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए।

# देश हित में हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी: प्रो. सोमनाथ



**शपथ दिलाई**

**विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि देश हित में हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी है तथा मतदान की प्रक्रिया में हर किसी की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने यह विचार शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी को जागरूक मतदाता शपथ लेते हुए व्यक्त किए। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है तथा यही राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को भारतीय चुनाव आयोग द्वारा निर्देशित मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशिका डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. हरदीप राय शर्मा, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. पूजा, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा, बलजीत, यशपाल, संदीप चट्टोपाध्याय, गोपाल, कश्मीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कुवि के विभिन्न विभागों व कार्यालयों में ली जागरूक मतदाता की शपथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग, विधि संस्थान, विधि विभाग, बॉटनी, हॉस्टल सहित विभिन्न विभागों, संस्थानों व कार्यालयों में जागरूक मतदाता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंग्रेजी, फिजिक्स, जूलोजी, बायोटेक्नोलॉजी, बायो केमिस्ट्री, यूआईईटी संस्थान, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, परीक्षा शाखा, भूगोल, गणित, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, सोशल वर्क, धरोहर हरियाणा संग्रहालय, कॉमर्स सहित सभी विभागों, एकेडमिक ब्रांच, गर्ल्स व बॉयज हॉस्टल एवं स्थापना शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने जागरूक मतदाता शपथ ली। इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला चौहान, एचआरडीसी की निदेशिका प्रो. प्रीति जैन व प्रो. मनोज जोशी ने अपने-अपने विभागों में सभी को जागरूक मतदाता की शपथ दिलाते हुए देश हित में मतदान करने का संकल्प लिया।

# डॉर्फ-केटल केमिकल्स इंडिया लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

DORF-KETAL CHEMICALS INDIA LIMITED

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा। डॉर्फ-**केटल केमिकल्स इंडिया लिमिटेड, जो कि हाइड्रोकार्बन और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं में विशेष रसायनों के एक अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार-केंद्रित वैश्विक निर्माता और आपूर्तिकर्ता हैं, जिनमें तेल और गैस, रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल्स उद्योग शामिल हैं, और औद्योगिक क्षेत्रों में विविध अनुप्रयोगों वाले ग्राहक हैं, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ( सेबी ) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ में रु 5 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है, जो कुल रु1500 करोड़ तक है और रु5 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है, जो कुल रु3500 करोड़ तक है। कुल इश्यू में रु5 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कुल रु5000 करोड़ तक हैं। बिक्री के लिए प्रस्ताव में मेनन फैमिली होल्डिंग्स ट्रस्ट (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा रु5 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कुल रु3500 करोड़ तक हैं। 1992 में स्थापित, डॉर्फ-केटल केमिकल्स इंडिया लिमिटेड भारत में विशेष रसायनों के विकास, व्यावसायीकरण और अनुप्रयोग में प्रमुख उत्पादकों में से एक है। कंपनी दो श्रेणियों में उत्पाद प्रदान करती है - हाइड्रोकार्बन के लिए विशेष रसायन और औद्योगिक विशेष रसायन। हाइड्रोकार्बन श्रेणी के लिए विशेष रसायनों में तेल क्षेत्र, रिफाइनरी रसायन और पेट्रोकेमिकल्स, ईंधन योजक और संशोधित एसिड प्रमुख उप-श्रेणियों के रूप में शामिल हैं और

# चीन-बॉर्डर पर शहीद हरियाणा के जवान को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** रहने वाले इंडियन तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवान 51 वर्षीय कृष्ण शहीद हो गए हैं। शनिवार को उनकी पार्थिव देह पैतृक गांव मनूक फौजी डेरा में पहुंची, जहां पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शहीद की बेटी और उनकी पत्नी ने उन्हें सैल्यूट कर अंतिम विदाई दी। इकलौते बेटे ने नम आंखों से पिता को मुखाग्नि दी। कृष्ण ने 7 दिन पहले ही अपनी छुट्टी खत्म कर अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी जॉइन की थी। छुट्टी में वो अपने परिवार को बोलकर गए थे कि 2 महीने



बाद ही वॉलंटरी रिटायरमेंट ले लूंगा, ताकि सारा समय परिवार के साथ बिता सकूं। हालांकि घर से निकलने के 4 दिन बाद ही वो शहीद हो गए। सैन्य अधिकारियों की मानें तो 22 जनवरी को कृष्ण अपनी टीम के साथ चीन बॉर्डर पर गश्त कर रहे थे। तभी अचानक पहाड़ी से उनका पैर फिसल गया और वो सिर के बल खाई में जा गिरे। मौके पर ही उनकी मौत हो चुकी थी। शहीद के बेटे पंकज ने बताया कि उसके पिता 18 जनवरी को ही अपनी छुट्टी खत्म करके अरूणाचल प्रदेश में ड्यूटी पर गए थे। परिवार में सब खुश थे। अभी उनकी नौकरी में 8 साल और बाकी थेए लेकिन 2 महीने बाद ही वो वीआरएस लेने वाले थे, ताकि पूरा समय हमारे साथ रह सकें। लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। मीडिया से बात करते करते पंकज की आंखों से आंसू छलक पड़े। पिता की मौत से पंकज और उनके पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। शहीद कृष्ण के पिता राम सिंह ने बताया कि कृष्ण उनके 6 पुत्रों में सबसे बड़े थे। कृष्ण ने 10वीं की पढ़ाई कर आइटीआइ से मोटर मैकेनिक का कोर्स किया था। इसके बाद 1993 में वह मैकेनिक के पद पर इंडियन तिब्बत बॉर्डर पुलिस में भर्ती हो गए। वह पिछले 34 साल से अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस दौरान उनकी पोस्टिंग चीन बॉर्डर पर, दो बार असम में व हिमाचल के चंबा में रही। अभी वह एएसआइ के पद पर तैनात थे। राम सिंह आगे बताते हैं कि कृष्ण की 3 बेटियां हैं और एक बेटा है। सभी बच्चों की कृष्ण ने शादी कर थी है। इसके अलावा परिवार में उसके 5 भाई और हैं।
एक भाई हरियाणा पुलिस में कमांडो है, दूसरा भाई कैनाल गार्ड है। जबकि अन्य 3 भाई खेतीबाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। कृष्ण ही अपने पूरे परिवार का पालन पोषण कर रहे थे।

# रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। रुक्मिणी देवी** पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें रुक्मिणी देवी स्कूल के छात्रों की नेपाल के स्कूली छात्रों के साथ सहभागिता रही । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति जागरुकता पहल पर छात्रों के अपने अनुभव एवं विचारों को परस्पर प्रभावशाली ढंग से सांझा करना था ताकि आज की युवा पीढ़ी नशे की लत के हानिकारक प्रभावों व उसके परिणाम को समझ सकें ।
अभियान के माध्यम से छात्रों के द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों को उजागर किया गया । इसी के साथ साथ इस चुनौती का रचनात्मक समाधान




तलाशने की ओर कदम बढ़ाया गया। कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा की गई परस्पर चचाओं के द्वारा अन्य छात्रों को भी प्रोत्साहित किया गया । छात्रों ने बताया कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों व स्थानीय अधिकारियों की अहम भूमिका है ताकि नशा मुक्ति के प्रयासों को सफल बनाया जा सके ।
कार्यक्रम का केंद्र बिंदु नशे के दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों को जागरूक करना रहा । छात्रों ने विशेषज्ञों से बातचीत की , सवाल पूछे, नशे के कानूनी और स्वास्थ्य परिणामों के बारें में जानकारी प्राप्त की । उन्होंने अपने विचारों को प्रकट करने का माध्यम सोशल मीडिया प्लेटफार्म को बनाया ताकि यह संदेश व्यापक रूप से सभी दर्शकों व श्रोताओं तक पहुंच सके ।

# पत्रकारों को कैशलेस मेडिकल सुविधा व पेंशन बढ़ोतरी की मांग को माने सरकार: के बी पंडित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़, स्थानीय यादव** धर्मशाला में हरियाणा पत्रकार संघ जिला महेंद्रगढ़ इकाई की वार्षिक बैठक आयोजित की गई ,जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान प्रदीप बालरोडिया ने की। बैठक में मुख्य वक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष के बी पंडित रहे। मंच संचालन दलीप दीक्षित ने किया। प्रदेश अध्यक्ष का फूल मालाओं व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। प्रदेश अधक्ष के बी पंडित ने कहा कि संघ लंबे समय से पत्रकारो के हितों के लिए काम कर रहा है। अनेक पत्रकारों को सहयोग दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संघ ने पत्रकारों को पेंशन बढ़ोतरी की मांग, कैशलैस मेडिकल सुविधा व एक्रीडिटेशन नियमों में छूट की मांगों लेकर कई बार मांग उठाई है। महेंद्रगढ़ में मीडिया सेंटर मंजूर होने के बाद भी शुरू नहीं हुआ है। इन मांगों को लेकर ही मुख्यमंत्री से संघ का प्रतिनिधि मंडल जल्द मिलेगा। जिला संयोजक आनंद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार महेश गुप्ता, प्रताप शास्त्री, बीएल वर्मा, असीम राव, दीपचंद यादव, जसवंत सिंह, मनोज राजपूत, आनंद शर्मा, जितेंद्र सोलंकी, भीम सहरावत, सुशील शर्मा, प्रदीप शर्मा, जेपी भारद्वाज, देवेंद्र यादव, इंदरजीत यादव, कर्मवीर सिंह , अशोक यादव सहित अनेकों मीडिया संस्थानों से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय** में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव और रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. पविता यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों पर जागरूक और सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। डॉ. पविता यादव ने एचआईवी-एड्स के बारे



में जागरूकता फैलाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके बचाव और उपचार से संबंधित जानकारी सांझा की। 12 जनवरी से 26 जनवरी तक चल रहे इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को एचआईवी-एड्स के प्रति संवेदनशील बनाना और इसके कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों की जानकारी देना है। आज आयोजित पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और सामाजिक चेतना का परिचय देते हुए प्रभावशाली पोस्टर और नारे प्रस्तुत किए। इस जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें सेमिनार, जागरूकता रैली, वाद-विवाद प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी सत्र शामिल हैं। इन

**उत्साह**

**प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया**

गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जागरूक और सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।
कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड रिबन क्लब के संयोजक और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे एक सार्थक पहल बताया।

## न्यूज फ्लैश

### तहसीलदार ने आरपीएस के बच्चों को मतदाता दिवस पर किया जागरूक

**गन्नौर। तहसीलदार सुमन** लता ने मतदाता दिवस के अवसर पर रौनक पब्लिक स्कूल के बच्चों को मतदान के महत्व और इसकी प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया।



तहसीलदार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हमारे देश के लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें इसका सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। तहसीलदार सुमन लता ने बच्चों को बताया कि मतदान के लिए पंजीकरण करना कितना महत्वपूर्ण है और इसके लिए क्या आवश्यक दस्तावेज हैं। उन्होंने बच्चों को मतदान केंद्रों में बरती जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर रौनक पब्लिक स्कूल के शिक्षक प्रमोद कौशिक ने तहसीलदार सुमन लता का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी राजीव मिश्रा, को-आर्डिनेटर रुपिंदर कौर, अध्यापिका ज्योति वर्मा,भारती कपूर, सोनिका कौशिक, अनविता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### नए एसीपी का एसोसिएशन ने किया स्वागत

**गन्नौर। एमएसएमई** औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त एसीपी मलकीत सिंह का बुके भेंट कर स्वागत किया। एसोसिएशन के



प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह ने एसीपी को हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान एसीपी ने भी उद्योगपतियों का आश्वासन दिया कि पुलिस की तरफ से उद्योगपतियों व श्रमिकों की सुरक्षा में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। इस मौके पर हरीश शर्मा, अमित त्यागी, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### खाटू श्याम के लिए बस सेवा बंद होने से श्रद्धालुओं को उठानी पड़ी रहीं है परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। रेवाड़ी** रोडवेज डिपो द्वारा कोसली से वाया महेंद्रगढ़ से खाटू श्याम के लिए जाने वाली बस सेवा बंद कर दी गई हैं। बस के बंद होने से श्याम प्रेमियों व सामाजिक संगठनों में रेवाड़ी डिपों के प्रति रोष हैं। बता दें कि रेवाड़ी डिपों ने 19 जनवरी 2024 को कोसली से सुबह




सात के लिए महेंद्रगढ़, नारनौल, नीम का थाना होते हुए खाटू श्याम के लिए एक रोडवेज बस चलाई थी। यह बस दोपहर 12 बजे खाटू श्याम पहुंचती थी। इसके बाद दोपहर दो बजे इसी रूट से होते हुए कोसली जाती थी। अब यह बस करीब 10 दिनों से बंद पड़ी हैं। जिसके चलते श्रद्धालुओं में विभाग के प्रति रोष पनप रहा हैं। इस बस को दोबारा चाले करवाने के लिए सामाजिक संगठनों व ग्राम पंचायतों ने एक लिखित प्रस्ताव रेवाड़ी डिपों के महाप्रबंधक को सौंपा हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि नारनौल डिपों ने भी 31 मई 2023 को सतनाली से वाया महेंद्रगढ़ खाटू श्याम बस सेवा चलाई थी। विभाग द्वारा एक महीना बस चलाकर बंद कर दी गई। इसके बाद सामाजिक संगठनों ने रेवाड़ी डिपों के महाप्रबंधक से कोसली वाया महेंद्रगढ़ खाटू बस चलवाने के लिए खिलित प्रस्ताव दिया था। महाप्रबंधक की सहमति के बाद कोसली से खाटू के लिए बस चलाई थी। लेकिन एक साल बाद रेवाड़ी डिपों ने भी यह बस सेवा बंद कर दी हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से तीर्थस्थानों के लिए सीधी परिवहन सुविधा नहीं हैं। महेंद्रगढ़ क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु खाटू श्याम आवगमन करते हैं।

# केयू अकाउंट्स इलेवन ने जीता पहला टी-20 क्रिकेट मैच

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के प्रांगण में शनिवार को केयूके गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैचों के तीसरी श्रृंखला का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में पहला मैच केयू अकाउंट्स इलेवन व एडमिन प्लेयर्स केयूके के बीच खेला गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव एवं क्रिकेटर विनोद वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि टॉस उछालकर प्रतियोगिता के पहले मैच का उद्घाटन करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सहायक कुलसचिव



विनोद वर्मा तथा बतौर विशिष्ट अतिथि स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविन्द्र ने रिबन काटकर मैच के शुभारम्भ अवसर पर खिलाड़ियों को अच्छी भावना से खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।
मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केयू अकाउंट्स इलेवन ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 166 रनों का लक्ष्य दिया। केयू अकाउंट्स इलेवन की ओर ताबड़तोड पारी खेलते हुए सागर ने 28 गेंदों में 53 रन बनाए जिसमें 4 गगनचुम्बी छक्के व 2 चौके शामिल रहे। इसके साथ ही विजय जांगड़ा ने 39 तथा रशपाल सिंह ने 27 रनों की अहम पारी खेली। वहीं विपक्षी टीम 9 विकेट खोकर 147 रन ही बना सकी। मैच में केयू अकाउंट्स इलेवन के कप्तान अमित भुक्कल ने 2 ओवर में मात्र 13 रन देकर 3 विकेट तथा सागर व शंकर ने 2-2 विकेट झटके।

**सुशील यादव ने खेली 87 रनों की नाबाद तूफानी पारी**

दूसरे मैच में केयूके स्पार्टन ने 128 रन से जीता मैच
प्रतियोगिता के दूसरे मैच में केयूके स्पार्टन ने केयूके वॉरियर्स को 128 रनों से मात दी। मैच के हीरो सुशील यादव ने स्पार्टन की ओर 47 गेंदों में 87 रनों की नाबाद तूफानी पारी खेली तथा गेंदबाजी में 1 विकेट भी लिया। स्पार्टन टीम की ओर से आदित्य स्वामी ने 39 रनों बनाए।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजकीय महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय में शनिवार** को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यवक्ता के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. महेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने की, जबकि वोटर्स-डे प्रभारी प्रोफेसर हीरा सिंह ने इसका संचालन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया।



इसके पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। डॉ. महेश सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व और इसकी पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में 25 जनवरी 2011 से हर साल यह दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है।

# योग और प्राणायाम खुद को स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर साधन :

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। योग गुरु दिनेश** गुलाटी के नेतृत्व में संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर 14 में विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें अशोक महेंद्रू, पूर्व अध्यक्ष पतंजलि योग समिति ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित साधकों को स्वर ज्ञान के विषय में समझाया और यौगिक क्रियाएं करवाते हुए इसके लाभों के विषय में बताया। इससे पूर्व दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया, जिसमें उपस्थित योग साधकों ने सभी योग क्रियाएं कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। साधकों ने सर्वप्रथम यौगिक क्रियाएं और आसन का अभ्यास किया। उन्होंने प्राणायाम की विधिपूर्वक शिक्षा दी और बताया कि प्राणायाम से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। स्मरण शक्ति में सुधार होता है। रक्त का संचरण होता है योग के जरिए न सिर्फ बीमारियों का निदान किया जा सकता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक तकलीफों व व्याधियों को दूर किया जा सकता है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग और प्राणायाम खुद को स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर साधन है। और हमें प्रतिदिन योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। जीवन में पहला सुख निरोगी काया

# द ग्रेट खली का सोनीपत में अकैडमी खोलने का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः द ग्रेट खली, उर्फ दिलीप सिंह राणा** ने सोनीपत का दौरा किया और स्थानीय न्यूज एजेंट अविनाश सेठी से मुलाकात की। इस दौरान, खली ने सोनीपत में एक नई अकैडमी खोलने की योजना का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इस अकैडमी में सोनीपत के युवा खिलाड़ियों को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे अपनी खेल क्षमता को और भी निखार सकेंगे। द ग्रेट खली आज नेशनल हाईवे 44 पर अपने निर्माणधीन अकैडमी पर पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने सेठी न्यूज एजेंसी के एजेंट अविनाश सेठी से मुलाकात करते हुए अपनी आगे की योजना उनके



साथ साझा की। खली ने कहा कि उनका उद्देश्य सोनीपत के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपने खेल कौशल को विकसित कर सकें और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि अकैडमी में प्रशिक्षण देने वाले कोच अनुभवी होंगे और आधुनिक प्रशिक्षण विधियों का उपयोग करेंगे।
द ग्रेट खली ने यह भी कहा कि यह अकैडमी सोनीपत के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है और यह क्षेत्र में खेल की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगी। खली के इस कदम से सोनीपत में खेलों को लेकर नई उम्मीदें और उत्साह पैदा होगा। यह अकैडमी जल्द ही कार्यशील हो जाएगी, और खली ने सभी युवा खिलाड़ियों से इसमें शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर अविनाश सेठी ने बताया कि खली का सोनीपत में अकैडमी खोलने का कदम युवाओं के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सोनीपत के खिलाड़ियों को एक नई दिशा और प्रेरणा देगा। अविनाश ने खली की तारीफ करते हुए कहा कि उनका अनुभव और प्रशिक्षण युवा खिलाड़ियों के लिए अमूल्य रहेगा।

# एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से लैस होंगे सोनीपत-गोहाना के रेलवे स्टेशन: डा. अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**दिल्ली। अमृत भारत** स्टेशन परियोजना के अंतर्गत सोनीपत व गोहाना स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। सोनीपत स्टेशन पर 29 करोड़ और गोहाना स्टेशन पर 15 करोड़ रुपये की लागत से संबंधित विभिन्न सुविधाएं मुहैया कराने का काम चल रहा है। रेलवे विभाग के मुताबिक फरवरी तक गोहाना स्टेशन पर और 31 मार्च तक सोनीपत स्टेशन पर निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण को लेकर पिछले दिनों हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले थे। उन्होंने दावा किया सोनीपत व



गोहाना के रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने बताया कि परियोजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। सोनीपत व गोहाना स्टेशन पर भवन निर्माण का कार्य करीब 70-80 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर करीब 29 करोड़ और गोहाना स्टेशन पर 15 करोड़ के विभिन्न कार्य करवाए जा रहे हैं। जिला के दोनों स्टेशनों पर यात्रियों के लिए आधुनिकता के लिहाज से कई सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। गोहाना स्टेशन का काम

**निर्माण कार्य**

**फरवरी तक गोहाना स्टेशन पर और 31 मार्च तक सोनीपत स्टेशन पर निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा**

मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा और सोनीपत स्टेशन का काम 31 मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सोनीपत स्टेशन पर 200 मीटर लंबे और 45 फीट चौड़े एक भव्य भवन में एक साथ 450 यात्रियों की क्षमता होगी। डा.शर्मा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में रिकार्डतोड़ विकास कार्य हो रहे हैं। सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। हर नागरिक को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है।

**यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं**

यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय कक्ष, प्लाजा, व्यावसायिक केंद्र, कोच गाइडेंस सिस्टम, दिव्यांगों के लिए सुविधाएं, प्रवेशद्वार पर वेटिंग रूम, शौचालय, जल बूथ और आधुनिक रोड की सुविधा होगी। सभी प्लेटफॉर्मों की ऊंचाई 46 मीटर और चौड़ाई 12 फुट तक होगी। इसके अलावा दूसरे फुट ओवरब्रिज और लिफ्ट का निर्माण किया जा रहा है। इन सुविधाओं से यात्रियों को आने-जाने में आसानी से आवागमन की सुविधा मिलेगी।

# महर्षि वाल्मिकी सेवा सदन में चल रहे सेवा भारती केंद्र का ओएसडी ने किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। मुख्यमंत्री के** ओएसडी विरेंद्र बढ़खालसा ने शनिवार को महर्षि वाल्मिकी सेवा सदन गन्नौर गांव में चल रहे सेवा भारती केंद्र का दौरा किया। इस दौरान ओएसडी ने सेवा भारती केंद्र के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। इससे पहले संघ संचालक डा. दीपचंद गर्ग, सुरेंद्र धीमान, भूषण हसीजा, भारत भूषण भुटानी ने उनका बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सेवा भारती केंद्र के सदस्यों ने ओएसडी से सेवा केंद्र में वाटर कूलर, शौचालयों का नवीनीकरण, पंखो की व्यवस्था व



भवन के नवनिर्माण की मांग रखी। इस पर ओएसडी ने कमेटी को आश्वासन दिया कि उनकी मांगो पर अधिकारियों से विचार विमर्श कर उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में जल्द ही शौचालयों व वाटर कूलर की व्यवस्था करवा दी जाएगी। विरेंद्र बढ़खालसा ने कहा कि सेवा भारती केंद्र में महिलाओं को निशल्क सिलाई सिखाने के साथ ही जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा भी दी जा रही है।

## संपादकीय

# जागरूकता के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी

**लोकतंत्र का** आधार मतदान है और युवा इस आधार को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना और मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करना है। हमारे देश में युवा आबादी काफी बड़ी है। ऐसे में युवाओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना अत्यंत जरूरी है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस युवाओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उन्हें लोकतंत्र में भागीदार बनने, समाज में सक्रिय भूमिका निभाने और देश के विकास में योगदान देने का मौका देता है। इस वर्ष के राष्ट्रीय मतदाता दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि यह लोकतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने के वर्ष में मनाया जा रहा है। भारत में यह दिन हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जो भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना का दिवस भी है। 25 जनवरी, 2025 को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय मतदाता दिवस देश के हर नागरिक, विशेषकर युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। लोकतंत्र की सफलता का आधार स्वतंत्र, निष्पक्ष और सक्रिय मतदान है। जब अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तभी एक सच्चा लोकतंत्र फल-फूल सकता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया, दिव्यांगजन सहित सभी वर्गों के लिए मतदान की सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी दी जाती है। इस दिन युवाओं को विशेष रूप से संबोधित किया जाता है और उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। मतदान एक कानूनी अधिकार है, और यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। भारत में, मतदान से संबंधित सभी गतिविधियों को चुनाव आयोग द्वारा नियंत्रित किया जाता है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है जो निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार है। भारत में 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार प्राप्त होता है। सभी योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज होते हैं। मतदान एक गुप्त प्रक्रिया है। कोई भी यह नहीं जान सकता कि आपने किस उम्मीदवार को वोट दिया है। शिक्षक छात्रों को लोकतंत्र के मूल्यों, मतदान का महत्व बताने के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बना सकते हैं। शिक्षक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में वाद-विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं, नाटक, पोस्टर प्रदर्शन आदि आयोजित कर सकते हैं। छात्रों के बीच मॉक पोल का आयोजन कर उन्हें वास्तविक मतदान प्रक्रिया से परिचित कराया जा सकता है। विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें छात्रों को मतदान के महत्व और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी जाए। शिक्षक चुनाव आयोग के साथ मिलकर छात्रों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने में मदद कर सकते हैं। इससे छात्र अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग करेंगे और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान देंगे।युवाओं को यह समझाना होगा कि लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें हर नागरिक के पास अपनी सरकार चुनने का अधिकार होता है।

# रंगले पंजाब की सृजना के लिए उपलब्धियां और उम्मीदें



भगवंत मान, मुख्यमंत्री, पंजाब

> लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए शहीद भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए हमारी सरकार लोगों के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर जैसे महान राष्ट्रीय नायकों के सपने अभी भी अधूरे हैं। आजादी के बाद के दशकों के दौरान राज्य में सत्ता संभालने वाली कई सरकारों से लोगों को बहुत उम्मीदें थी, लेकिन ज्यादातर सरकारों ने भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी और कई अन्य समस्याएं दी, जो पंजाब में अभी भी गहरी जड़ें जमाए हुए हैं। इसलिए पद संभालने के पहले दिन से ही आम आदमी पार्टी की सरकार हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रही है

**भारत** रत्न बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के नेतृत्व में हमारे पूर्वजों द्वारा तैयार किया गया संविधान लागू होने के साथ 26 जनवरी, 1950 की शुभ सुबह को भारत प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष गणराज्य बना। यह हम सभी के लिए वास्तव में गर्व का क्षण था क्योंकि हमें मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की शक्ति मिली, जिससे हमें हमारे पूर्वजों द्वारा देखे गए 'लोगों की, लोगों के लिए और लोगों द्वारा' सरकार के सपने को पूरा करने का मौका मिला। पिछले 75 वर्षों के दौरान हर गुजरते दिन के साथ देश में लोकतंत्र मजबूत हुआ है क्योंकि देशवासियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास दिखाया और बिना किसी डर के मतदान कर स्पष्ट फैसला दिया। इसी तरहभारतीयों विशेष रूप से पंजाबियों ने देश की कठिन मेहनत से प्राप्त की गई प्रभुत्व को किसी भी तरह के खतरे का डट कर सामना किया है। हमारे बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की शान और प्रभुत्व की रक्षा के लिए 1947, 1962, 1965, 1971 की लड़ाई और फिर कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा के लिए महान बलिदान दिए हैं। हम सभी के लिए यह बहुत ही गर्व और संतोष की बात है कि पंजाबियों को हमारे महान सिख गुरुओं से बलिदान और देशभक्ति का अद्वितीय जज्बा विरासत में मिला है, जिन्होंने हमें अत्याचार, अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने की शिक्षा दी है। एक स्वतंत्र और प्रभुत्व संपन्न भारतीय गणराज्य का हमारे पूर्वजों द्वारा देखा गया सपना देशवासियों द्वारा शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई के दौरान दिए गए अनगिनत बलिदानों के कारण पूरा हुआ। भारत के राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों द्वारा दिए गए बेमिसाल बलिदानों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। देश के हजारों गुमनाम नायकों विशेष रूप से पंजाब की धरती के सपूतों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए प्रमुख योगदान को कोई नहीं भूल सकता है। इस बहादुरी ने लाखों अन्य लोगों को स्वतंत्रता की लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। देश की आबादी का केवल दो प्रतिशत होने के बावजूद भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 80 प्रतिशत बलिदान या निर्वासन पंजाबियों के हिस्से में आया। देश की आजादी के लिए चली कूका, गदर, किसान, पगड़ी संभाल और अन्य लहरों के अलावा पंजाब



की धरती ने लाला लाजपत राय, दीवान सिंह कालेपानी और अन्य सपूतों को जन्म दिया, जिन्होंने देश को ब्रिटिश साम्राज्य की गुलामी की जंजीरों से आजाद करवाया। शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव, शहीद ऊधम सिंह और करतार सिंह सराभा के बलिदानों ने युवाओं में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ने की चिंगारी जलाई। इसी तरह जलियांवाला बाग का दुखांत जालिम ब्रिटिश राज के कफन में आखिरी कील साबित हुआ। आजादी के बाद बाहरी हमलों से देश की सीमाओं की रक्षा के अलावापंजाबी हमेशा देश की खुशहाली और समग्र विकास में अग्रणी भूमिका में रहे। संकट के समय भी हमने बहादुर पंजाबियों ने कभी पीठ नहीं दिखाई, बल्कि देश के संविधान में पूर्ण विश्वास रखकर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया है। पंजाब के किसानों ने राज्य के सीमित प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपना खून-पसीना बहाया है। राज्य के बहादुर सैनिकों ने 1947, 1962, 1965, 1971 और कारगिल युद्ध के अलावा देश को आंतरिक विद्रोह से बचाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनगिनत बलिदान देकर अपनी मातृभूमि की रक्षा की शानदार परंपराओं को कायम रखा है। राज्य सरकार के अथक प्रयासों के कारण पंजाब वर्तमान वर्ष के दौरान शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलावों की कगार पर है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार हमारे समाज के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, लेकिन दुर्भाग्य से पिछली राज्य सरकारों के कार्यकाल के दौरान इन क्षेत्रों को अब तक लगातार नजरअंदाज किया गया। अब पद संभालने के बाद मेरी सरकार इन जनहित के क्षेत्रों के विकास पर जोर दे रही है। वर्तमान वर्ष के दौरान राज्य सरकार इन क्षेत्रों को पुनर्जीवित करेगी ताकि लोगों को इनका अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके। इन क्षेत्रों को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। इस नेक कार्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी क्योंकि ये क्षेत्र सीधे तौर पर लोगों की भलाई से जुड़े हुए हैं और चालू वर्ष के दौरान इन तीनों क्षेत्रों में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए शहीद भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए हमारी सरकार लोगों के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर जैसे महान राष्ट्रीय नायकों के सपने अभी भी अधूरे हैं। आजादी के बाद के दशकों के दौरान राज्य में सत्ता संभालने वाली कई सरकारों से लोगों को बहुत उम्मीदें थी, लेकिन ज्यादातर सरकारों ने भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी और कई अन्य समस्याएं दीं, जो पंजाब में अभी भी गहरी जड़ें जमाए हुए हैं। इसलिए पद संभालने के पहले दिन से ही आम आदमी पार्टी की सरकार हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हमारी सरकार के ठोस प्रयासों के कारण पंजाब आज देश में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है और राज्य में प्रगति, खुशहाली और शांति का बेमिसाल दौर देखने को मिल रहा है। लोगों को साफ-सुथरा, कुशल, जवाबदेह और पारदर्शी शासन प्रदान करने के एकमात्र उद्देश्य से राज्य में नई क्रांति की शुरुआत की गई है और हम पंजाब की शान बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मेरी सरकार ने कई जनहितैषी और विकासोन्मुखी पहल की हैं ताकि इस देश के संस्थापकों के सपनों को साकार किया जा सके और लोग स्वतंत्रता का सही मायने में आनंद ले सकें। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और बुनियादी ढांचा आम आदमी पार्टी की सरकार की पांच मुख्य प्राथमिकताएं हैं और हम राज्य को उच्च विकास के मार्ग पर लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

**सड़क सुरक्षा बल**

राज्य सरकार ने देश में अपनी तरह की पहली पहल के तहत राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और कीमती जानें बचाने के लिए समर्पित सड़क सुरक्षा बल की शुरुआत की है। विशेष रूप से प्रशिक्षित नए भर्ती किए गए 1597 कर्मचारी इस बल की रीढ़ के रूप में काम कर रहे हैं, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस 144 वाहन प्रदान किए गए हैं और पिछले साल इसकी शुरुआत के बाद इस बल ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों का पैसा और सामान वापस करने के साथ-साथ 48 प्रतिशत जानें बचाई हैं। इस बल को सभी राजमार्गों के 4200 किलोमीटर के क्षेत्र में तैनात किया गया है, जो निर्धारित क्षेत्रों में गश्त करने के अलावा यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने का काम भी कर रहा है।

**स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा**

राज्य सरकार स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है और हाल ही में 58 नई हाई-टेक एंबुलेंस राज्य के लोगों को समर्पित की गई हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया गया है कि ये एंबुलेंस मुश्किल समय में लोगों के लिए उपलब्ध हों।

इन एंबुलेंस के इस बेड़े में शामिल होने के साथ राज्य भर में लोगों की सेवा के लिए कुल एंबुलेंस की संख्या 325 हो गई है। इन अत्याधुनिक एंबुलेंस को शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 मिनट के भीतर जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचना अनिवार्य किया गया है।

## कविता

आया गणतंत्र दिवस
प्यारा, कुंकुम-केसर बरसाए
नया सवेरा।

लहर-लहर लहराये तिरंगा
प्यारा, खिलखिलाया है हर
चेहरा।।

सुरभित हैं सुमन आज सारे,
खग प्यारे हैं चहक रहे।

विश्व पटल पर, भारत की
हमेशा ही महक रहे।।

गौरव से हर माथे ऊंचे, मेहनत
के बल हम इस धरा को सींचे।

फहराए तिरंगा प्यारा, गायें गीत
विजय के, दुश्मन को हम
नोंचे।।

स्वागत का गीत नया है, नया है
ये विहान।

गणतंत्र दिवस ने दिलाई है,
भारत को नव-पहचान।।

आजादी का हर्ष है, गणतंत्र
उत्कर्ष है, हमको है अभिमान।

शांति-सौहार्द,संयम, पंचशील
के सिद्धांत, हमारी हैं पहचान।।

तोड़ दें विषमता के सब बंधन,
समता राग करें मुखरित।

न हो छल, न हो कपट-वैर
भाव, सुंदर हों सारे ही चरित्र।।

भेदभाव से सब परे हों, स्नेह
की धारा बहती रहे।

जय-जय भारत माता, दुनिया
सारी कहती रहे।।

प्रेम-अनुराग के भाव बहें, कोई
भी न दुःख, कष्ट सहें।

सबको अधिकार समान मिलें,
भाईचारे-सद्भावना के भाव
बहें।।

विद्या का प्रबल-प्रकाश हो,
देश-दीनता दूर करें।
खेती उपजाए हरा सोना,
परिश्रम हम भरपूर करें।।

अधिकारों-कर्तव्यों के प्रति
जागे हम।

देश विकास योगदान हेतु,
हरदम भागे हम।।

कैसे भूलें हम गणतंत्र को,
सुनहरा ये दिवस है।

न्याय-स्वतंत्रता संग जी रहे
हम, कोई न आज विवश हैं।।

हिमालय कर रहा है आज
पुकार।

पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण ;
खुशियां हैं आज अपार।।

पीली-पीली सरसों में भर गया
रंग, चित्त आज हैं सारे प्रसन्न।

महकी धरती,महके आंगन,
तिरंगा फहराते हैं जन-जन।।

कोकिला ने छेड़ी है तान, सुंदर
प्यारा आज विहान।

वसुधा का अंग-अंग पुलकित,
भारत देश है महान।।

अपनी ही जमीं है, अपना ही है
आसमाँ ।

हर्षोल्लास की है बहार, खुश-
खुश है भारत माँ।।

विजय पताका फहराए जा,
खुशी-उमंग के गीत गाए जा।

तिरंगा आन-बान और शान है,
तिरंगा दशों-दिशाओं में तू
लहराए जा।।

सुनील कुमार

# सांस्कृतिक राष्ट्र भी है हमारा भारत

**संदीप सृजन**

**देश और** राष्ट्र शब्द को हम प्रायः एक ही शब्द के पर्यायवाची के रूप में उपयोग करते है और दोनों को एक ही मानते है लेकिन दोनों के मायने अलग अलग है। यह हमारे देश के साथ समस्या यह हो गयी है कि हमारे सारे शब्द, सारी चर्चाएं पश्चिमी चश्मे से गढ़ी और मानक बनायी गयी हैं। इसी वजह से शब्दों का घालमेल कई बार भ्रम पैदा करता है। राष्ट्र और देश में मिलावट का भी यही कारण है। हमें यह समझना होगा कि देश एक भौगोलिक इकाई है और राष्ट्र एक सांस्कृतिक इकाई है। देश शब्द के मूल में दिश धातु है, उसी से दिशांतर और देश बने हैं। यह भौगोलिक सीमाओं से आबद्ध है। यानी, कहें तो देश शब्द संकुचित है, राष्ट्र शब्द व्यापक। राष्ट्र विभिन्न साधनों से संयुक्त और समृद्ध सांस्कृतिक पहचान वाला ह्रदेशद्ध है। यह एक जीवंत और सार्वभौमिक इकाई है, विविधताओं से युक्त अद्भुत शक्ति से सम्पन्न भूखंड या कहें जीवन-दर्शन का द्योतक है। देश सीधे तौर पर रेखाओं में बांधता है। इसीलिए, हम जब भारत को एक राष्ट्र के तौर पर संबोधित करते हैं, तो उसकी व्यंजना बिल्कुल अलग होती है और जब हम भारत कोदेश के तौर पर अंगीकार करते हैं, तो उसकी व्यंजना बिल्कुल अलग होती है। राष्ट्र शब्द को अगर बहुत मोटे शब्दों में समझे तो कह सकते है। एक निश्चित भौगोलिक सीमा के भीतर रहने वाले एक जन-समूह को ही तो हम राष्ट्र कहते हैं, जिनकी एक पहचान होती है और वह समूह आम तौर पर धर्म, इतिहास, नैतिक आचारों या विचारों, मूल्यों आदि में एक समान दृढ़ता रखता है। इसे और भी साफ करना चाहें तो राष्ट्र लोगों का वैसा स्थायी समुच्चय या समूह है जिनके बीच सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक-धार्मिक संबंध न केवल होते हैं, बल्कि वे उनको एकजुट भी करते हैं। राष्ट्र के तौर पर हमारी भावना एक हो, हम एक राष्ट्रवादी विचारधारा से पनपें, इसके लिए महज दो-तीन शर्तें हैं। हमें एक ऐतिहासिक समुदाय के रूप में राष्ट्रीय चेतना को जगाना होता है, राजनीतिक औ? आर्थिक संप्रभुता प्राप्त करना होती है, अपनी साझा संस्कृति का विकास करना होता है और नकार की जगह सकार को अपनाना, सकारात्मक भावनाओं का विकास करना होता है। जिस तरह बिना अदहन के भात नहीं बन सकता, उसी तरह राष्ट्रवादी विचारधारा के सम्यक विकास के बिना अंतरराष्ट्रीयतावाद भी नहीं आ सकता है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद से संघर्ष में भी भारतीय राष्ट्रीयता का यही विकास हम देखते हैं, जो भाषा, धर्म और क्षेत्र के बंधनों से निकलकर एक मंच पर आ खड़ा हुई। ब्रिटिश साम्राज्यवाद द्वारा दिया गया शब्द नेशन-स्टेट दरअसल, कानून के डर में निहित शक्ति का नाम है, जबकि राष्ट्र का मूल आधार लोगों की भावना है, यह लोगों की मानसिकता से बनता है, राष्ट्र भूखंड भी होता है, लेकिन यह भूखंड मात्र नहीं होता, राष्ट्र मतलब उसके नागरिक, उसके लोग होते हैं।

## विचार

# गणतंत्र दिवस का विषय स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास है

**गुलाब चंद कटारिया**

**आज**, 26 जनवरी के पावन अवसर पर, मैं आप सभी को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह दिन हम सभी के लिए गर्व और उल्लास का दिन है। यह वह दिन है, जब हमारे देश का संविधान लागू हुआ और भारत एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणराज्य राष्ट्र बना।

गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान के उन आदर्शों की याद दिलाता है, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आधार पर समाज का निर्माण करते हैं। यह उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना हमें आजादी दिलाई और हमारे देश को नई दिशा दी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, पं. जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और लाखों भारतवासियों ने भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इन सभी को मैं नमन करता हूं। शहीद भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, करतार सिंह सराभा, मदन लाल ढींगरा, लाला लाजपत राय, गदरी बाबे और ऐसे ही अन्य कई स्वतंत्रता सेनानी आजादी के आंदोलन में शहीद हुए थे। इन सभी शहीदों को भी नमन करते हुए मैं उनका स्मरण करता हूँ।

आज इस अवसर पर मैं संविधान सभा के सभी सदस्यों का भी पुण्य स्मरण करता हूं। हमारा देश, डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का सदैव ऋणी रहेगा, जिन्होंने प्रारूप समिति की अध्यक्षता की और संविधान को अंतिम रूप देने में मत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मेरे प्यारे पंजाब वासियो,इस वर्ष के गणतंत्र दिवस का विषय स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास है जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की साल-दर-साल प्रगति को दर्शाता है। भारत लोकतंत्र की जननी है और इसकी सबसे बड़ी ताकत इसकी सुदृढ़ लोकतांत्रिक संरचना है। यह लोकतंत्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा और उसकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां विविधता में एकता की भावना को संरक्षित करते हुए हर नागरिक को अपने अधिकार और कर्तव्य निभाने का अवसर मिलता है। यह लोकतंत्रिक प्रणाली ही वह नींव है, जिस पर विकसित भारत 2047 का सपना साकार होगा। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंजाब की विकास प्रगति और उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। पंजाब जिसे गुरुओं, देशभक्तों और बलिदानियों की भूमि कहा जाता है, यहां के लोगों ने हमेशा आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की है। पंजाबियों का इतिहास सिख गुरुओं के बलिदान, विशेषकर दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पूरे परिवार के बलिदान से लेकर देश के स्वतंत्रता आंदोलन में पंजाबियों द्वारा किया गया योगदान अद्वितीय है। पंजाब वह राज्य है जिसने देश के कठिन समय में लाल बहादुर शास्त्री जी के य जवान जय किसान के नारे को साकार करने में सबसे अग्रणी भूमिका निभाई। विशेष रूप से पंजाब के किसानों ने न केवल अपने कृषि उत्पादन में क्रांतिकारी वृद्धि की, बल्कि पूरे देश को खाद्यान्न संकट से उबारते हुए खाद्य भंडारण में आत्मनिर्भर बनाने में अहम योगदान दिया। कठिन से कठिन समय में भी पंजाब के किसानों ने अपनी मेहनत और समर्पण से देश के लिए खाद्य अधिशेष पैदा किया, जो उनके परिश्रम और कुशलता का प्रमाण है।

मेरे प्यारे पंजाब वासियो, विकसित भारत 2047 की परिकल्पना में पंजाब की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। पंजाब न केवल कृषि और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है, बल्कि औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रगति में भी इसका योगदान अद्वितीय है। आज के इस विशेष अवसर पर, सबसे पहले मैं पंजाब सरकार को विशेष रूप से हार्दिक बधाई देना चाहता हूं, जिसने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी द्वारा बताए गए संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी पंचायत तथा स्थानीय निकाय चुनाव सुनिश्चित किए जिससे ग्रामीण एवं शहरी विकास को गति मिलेगी।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# मुफ्त की सुविधाओं से गण निष्क्रिय और तंत्र

**नरेंद्र तिवारी**

भारत दुनियाँ का मजबूत गणतंत्र है। अपनी जनतांत्रिक विशेषताओं के कारण दुनियाँ में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इस मजबूती का कारण आजादी प्राप्त करने के लिए किए गए बलिदान, अंग्रेजी हुकूमत का भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के विरुद्ध किया गया सख्त बर्ताव जिसने देश के नेताओं और भारतवासियों में राष्ट्रीय भावना का संचार किया। आजादी प्राप्त करने के बाद भी देश के नीति निर्माताओं की सोच के परिणाम गण भी सक्रिय रहा और तंत्र भी मजबूती के साथ काम करता रहा। आजाद मुल्क के नीति निर्माताओं ने अपनी ईमानदारी निष्ठा और नैतिक मूल्यों से राष्ट्रीय भावना का प्रचार प्रसार किया था। किंतु वर्तमान दौर में राजनीतिक दलों में चुनावी विजय हासिल करने के लिए मुफ्त की घोषणाएं करने की सनक सवार हो गई है। राजनीतिक दलों को ऐसा लगने लगा है कि मुफ्त की सुविधाओं के बगैर चुनावी रण में सफलता नहीं प्राप्त की जा सकती है, अतएव वैचारिक राजनीति करने के बजाए दलों ने मुफ्त सुविधाएं देने की लोक लुभावनी राजनीति करने का प्रचलन बढ़ गया है। राजनीतिक दलों को यह ध्यान रखना चाहिए मुफ्त की सुविधाएं राष्ट्र के निर्माण में सहायक नहीं अपितु बाधक है। इन मुफ्त की सुविधाओं से जहां गण निष्क्रिय और अकर्मण्य हो रहा है, वहीं तंत्र पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है वह कमजोर होता जा रहा है। राष्ट्रीय राजनीति में शामिल तमाम दलों को चाहिए कि वह ऐसी योजनाएं बनाएं जो भारत की जनता को आत्मनिर्भर बनाएं, सरकार बैसाखियों के सहारे न जनता स्वाबलंबी बन पाएगी न ही देश आत्मनिर्भर बन सकेगा। किंतु देखा जा रहा है कि भारत में कार्यरत तमाम पार्टियां मुफ्त की सुविधाओं की बरसात करने में लगी है।

आजकल राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणापत्र किराना दुकानों पर लगी भावसूची के मानिंद नजर आतें है। जिसमें लिखा होता है महिला को इतनी राशि, किसानों को इतनी, युवाओं को इतनी यानें यह शहरों में लगी महासेल जैसा दिखाई देता है, जो अपने आकर्षक एवं लुभावने विज्ञापनों से ग्राहकों को अपना उत्पाद खरीदने के लिए आकर्षित करता दिखाई देता है। मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई भावसूची या लुभावने वायदे चुनावी पारदर्शिता की धज्जियां उड़ाते नजर आतें है।

# गणतंत्र या रणतंत्र

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वंदेमातरम** गीत में भारत की संप्रभुता को विद्या, धर्म, हृदय, मर्म, प्राण, शरीर, शक्ति, भक्ति तथा मंदिर के रूप में पूजा गया है। और इस पंक्ति को लिखते समय या आपके पढ़ते समय कहीं न कहीं इसका खंडन भी हो रहा होगा। यही तो हमारे संविधान की खूबसूरती है। पता है, यह खूबसूरती किसने प्रदान किया, जी हाँ अपने ठीक पहचाना। हमारे गणतंत्र दिवस ने। हम सभी जानते हैं कि प्रतिवर्ष 26 जनवरी को भारत में गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। बाकी दिनों में गण को अपने-अपने ढंग से परिभाषित करते रहते है। इतने वर्षों के बावजूद भी कइयों को यह समझ नहीं आया और कइयों को चुटकी बजाते दाल-भात का कौर माफिक के आसान लगा। यही तो खूबसूरती है हमारे गणतंत्र की। वास्तव में गणतंत्र दिवस तो उस शरीर के समान है जो संविधान की आत्मा के बिना निस्तेज है। इसलिए आए दिन हम बदन और आत्मा को अलग-अलग करने के नए-नूतन प्रयोग करते रहते हैं। कुछ बार सफल तो कुछ बार भारत की क्रिकेट टीम या सेना पाकिस्तान पर जीतकर हमारा गणतंत्र का हिस्सा बनाए रखती है। हमारे गणतंत्रता हजारों जातियों, भाषाओं और सभी धर्मों के लिए कोई सामान्य जिम्मेदारी नहीं थी। इसीलिए, तो आए दिन इसी के नाम पर मरने-मारने पर तुले रहते हैं। डॉ. अंबेडकर ने संविधान का मसौदा तैयार किया, समीक्षा की और दिन-रात संविधान का मसौदा तैयार किया। संविधान सभा ने 2 साल, 11 महीने, 17 दिन की बहस का आयोजन किया। कुल 7600 संशोधन निर्धारित किए गए थे। 2473 संशोधन पर चर्चा हुई। इसे 6 महीने के लिए सार्वजनिक चर्चा के लिए छोड़ दिया गया था। सुझावों को संशोधित किया गया। 30 जुलाई, 1948 से शुरू हुए दूसरे लंबे संवैधानिक सत्र के दौरान इस मसौदे को दूसरी बार पढ़ा गया था।

लेकिन यह भुला दिया गया कि संविधान की भाषा अब भी सामान्यों से बहुत दूर है। संविधान की भाषा में जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है मानो उसका प्रयोग कोई देवी-देवता या असामान्य कहलाने वाले मनुष्य ही करते होंगे।

## न्यूज फ्लैश

### नैशनल वूमेन आइकन अवार्ड से सम्मानित होंगी सशक्त महिलाएं

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा अंतरिक्ष परी कल्पना चावला की पुण्यतिथि के अवसर पर नैशनल वूमेन आइकन अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा शनिवार 1 फरवरी को डिवेंचर होटल में कल्पना चावला की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप नैशनल वूमेन आइकन अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें फिल्म अभिनेता एवं गायक अरुण बक्शी सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणवी एक्ट्रेस शिखा राघव व अंशु राणा शिरकत करेंगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सशक्त महिलाओं को नैशनल वूमेन आइकन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवॉर्ड के लिए किसी भी क्षेत्र की सशक्त महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा कल्पना चावला के विश्व को दिए योगदान के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की टीम देश के सभी राज्यों में स्थित है। फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण, स्लोगन, ड्राइंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, हस्ताक्षर अभियान चलाए जाते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर अजीत राही, नैशनल डायरेक्टर योगिंद्र सिंह कौशिक एवं स्टेट चेयरमैन हरियाणा आशीष मलिक उपस्थित रहे।

### मतदान महत्वपूर्ण अधिकार, जो कि हमें संविधान से मिला: हरविंद्र कल्याण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सर्वोच्च संविधान है। देश के संविधान के कारण ही हमें मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ, जोकि एक महत्वपूर्ण अधिकार है। लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदाता अपने मत का प्रयोग करके अपना मनचाहा जनप्रतिनिधि चुनते हैं, ये जनप्रतिनिधि सरकार बनाते है और आमजनता की आशाओं के अनुरूप प्रदेश का विकास करते है। इसलिए मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए। हरविंद्र कल्याण शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर घरौंडा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। हरविन्द्र कल्याण इससे पूर्व राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल घरौंडा के ग्राउंड में करीब 3 करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया और लोगों को बधाई दी। बता दें कि हरविन्द्र कल्याण ने पिछले कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री से इस ऑडिटोरियम के निर्माण की घोषणा करवाई थी, यह ऑडिटोरियम आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है इसमें 7 कमरे, एक सभागार, दो स्टोर रूम तथा एक बड़ा हॉल जिसमें करीब 400 लोगों के बैठन के लिए कुर्सिया लगाई गई है। इस अवसर पर कल्याण ने इस प्रांगण में पौधारोपण करके पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया। इसके बाद स्पीकर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी, मतदान के लिए शपथ दिलाई और लोकसभा व विधानसभा के आम चुनावों प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर स्कूली बच्चों की निबंध, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, भाषण व प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों को सामाजिक बुराईयों की रोकथाम के लिए जागरूक किया। हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि भारतीय संविधान एक महान संविधान है, इसकी रचना में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है। बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी व संविधान सभा के सदस्यों ने दूसरे देशों के संविधान पढना और चिंतन करना सम्भव नहीं था, लेकिन बाबा साहब ने उन संविधानों को पढ़ा भी और एक-एक सुझाव पर चिंतन किया।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन पर विधायक आनंद ने दी बधाई

## आपकी रसोई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कंजकों को खिलाया खाना

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी के जन्मदिन के अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके साथ-साथ उन्होंने आपकी रसोई के माध्यम से कंजकों को खाना खिलाया। उन्होंने मुख्यमंत्री की दीघार्यु की कामना की। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि लोकतंत्र में जननायक एक ऐसा शब्द है, जो लोकतंत्र के पूरे आदर्श और विचार को प्रतिबिंबित करता है। आज का दिन ऐसे ही एक जननायक को समर्पित है। हरियाणा प्रदेश के युवा जननायक, कर्मठ स्वयंसेवक और जनता के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का



जन्मदिवस है। भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता के पद से उठकर प्रदेश की कमान संभालने तक उनका व्यक्तित्व, सादगी और कार्यों को धरातल पर उतारने की उनकी क्षमता हमेशा एक जैसी रही है। इस मौके पर करनाल की पुरानी सब्जी मंडी स्थित अन्नापूर्णा स्टोर के सामने जेबीडी समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित आपकी रसोई का 166वां सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंजकों को भोजन करवाकर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि जेबीडी समाज कल्याण समिति प्रत्येक सप्ताह मात्र ?10 में लोगों को भरपेट स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध करवाती है। संस्था के भारत भूषण कपूर इसके लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भारत भूषण कपूर बेहतर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने भारतीय संविधान के रचयिता, देश को नई दिशा देने वाले, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब जी ने संविधान के रूप में देश को एक पवित्र ग्रंथ भेंट किया, जो हम सभी का सर्वोच्च मार्गदर्शक है। इस अवसर पर शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, नवीन दत्ता, ललित चौधरी व अन्य वरिष्ठजन मौजूद रहे।

## नाकाबंदी के दौरान एक युवक चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

**सीआईए थ्री प्रभारी** इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी एक टीम शुक्रवार शाम को सनौली रोड स्थित बलजीत नगर नाका पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक पर सब्जी मंडी की ओर से आया। पुलिस टीम ने बाइक को रूकवाकर युवक से बाइक के कागजात मांगे तो वह बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 14 दिसंबर को मित्तल मेगा मॉल की पार्किंग से चोरी करना बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में राहुल पुत्र जय कवार निवासी डाडौला की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपी ने अपनी पहचान सोमिन पुत्र साजिद अली निवासी छपरौली बागपत यूपी के रूप में बताई। प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने



बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसकी खुद की बाइक करीब एक साल पहले चोरी हो गई थी। काम पर आने जाने व घूमने फिरने के लिए उसको बाइक की जरूरत थी। 14 दिसंबर को वह मित्तल मॉल के पास से गुजर रहा था। तभी उसने पार्किंग से उक्त बाइक चोरी कर ली। आरोपी के कब्जे से चोरी की उक्त बाइक बरामद कर शनिवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

## हमारे संविधान ने दिए समान अधिकार और समान अवसर: यश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। लघु सचिवालय** सभागार में शनिवार को हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एडीसी यश जालुका ने की।

उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने ही हमें समान अधिकार और समान अवसर प्रदान किए हैं, तभी आज हम अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस मौके पर एसडीएम अनुभव मेहता भी मौजूद रहे।

## 1 लाख 40 हजार शब्द व 470 आर्टिकल वाला है हमारा संविधान: उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

स्थानीय आर्य कन्या स्कूल के सभागार में शनिवार को जिला प्रशासन की और से हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया व संविधान प्रस्तावना वाचन किया। इस मौके पर उपायुक्त का बुके देकर अभिनन्दन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि 26 नवंबर 1950 को हमने संविधान को अपनाया व 26 जनवरी 1950 को यह लागू हुआ। आज 75 वर्ष हो चुके हैं। अब तक संविधान में 105 के करीब अमेंडमेंट हो चुके



हैं। पहले संविधान के 8 शड्यूल थे जो अब बढकर 12 हो चुके हैं। उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान में संविधान के अंदर 1 लाख 40 हजार कुल शब्द है व हमारा संविधान 470 आर्टिकल वाला संविधान है। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम में संविधान सभा के सदस्य मॉस्टर नंदलाल के सुपौत्र संजीव मांगू जो कि वर्तमान में राजस्थान में जिला सत्र एवं न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हैं, को भी प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से आज इस कार्यक्रम में सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया था लेकिन किसी कारणवश वो इस कार्यक्रम में आ नहीं सके। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं इस कार्यक्रम के लिए प्रेषित भी की हैं। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि मास्टर नंदलाल जोकि पहली संसद के सदस्य होने के साथ-साथ संविधान सभा के सदस्य भी रहे हैं।

इनके पुत्र राजेंद्र पाल और उनके पुत्र संजीव मांगू है इसके साथ-साथ उनके परिवार में राजेंद्र पाल के साथ-साथ ओमप्रकाश,कैलाश सहित 6भाई और 4 बहने शशि,नीलम कासनी,सुमन और नीरू हैं। जिनमें नीलम कासनी हरियाणा में आईएस के पद पर भी रही हैं।

## प्राथमिकता के आधार पर पूरे होंगे करनाल के विकास कार्य: आनंद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। विधायक** जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किए जाएंगे और करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। हरियाणा सरकार आमजन की समस्याओं के प्रति बेहद संवेदनशील है। समस्याओं का तय समय में समाधान हो, इसके लिए सरकार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। अधिकारियों द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि भी निरंतर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। विधायक जगमोहन आनंद शुक्रवार को लाईन पार क्षेत्र प्रेम नगर स्थित केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कैम्प कार्यालय में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिन्हें विधायक ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया और समस्याओं के तुरंत निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि आमजन की समस्याओं का तय सीमा में निवारण ही सरकार की जनता के बीच विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

## स्वतंत्रता सेनानी अनंता सिंह की पुण्यतिथि पूरी श्रद्धा के साथ मनाई

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता सेनानी अनंता सिंह की पुण्यतिथि पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व उप - प्राचार्य अचार्य राजकुमार शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर अशोक आर्य ने की कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह कार्यक्रम संपन्न हो



गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया गया। जिसमें विद्यालय की कक्षा पांचवी की छात्रा प्रियांशी ने फेडरेशन में नेशनल गोल्ड जीतने पर तथा कक्षा 3ई अ ही छात्र राधिका ने ॉ -४६ल्लं में नेशनल गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया इन सभी छात्रों को मुख्य अतिथि ने मौके पर ही सम्मानित किया समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि खेलों से जहां तन मन स्वस्थ और सुखी रहता है वही बच्चों में नेतृत्व करने की भावना भी बलवती हो जाती है उन्होंने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में बच्चों को जहां उच्च कोटि की शिक्षा और संस्कार दिए जाते हैं वहीं बच्चों को खेल गतिविधियों में भाग लेने संगीत कार्यक्रमों में भाग लेने और हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स में भाग लेकर उच्च कोटि का नागरिक बनाने के सभी प्रयास भी किए जाते हैं उन्होंने कहा कि ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और आचार्य बलदेव के बताएं मार्ग पर चलते हुए भारत को एक शिक्षित और विकसित राष्ट्र बनाने का पाठ भी पढ़ाया जाता है ताकि भारत देश के युवा राष्ट्रवाद और बंधुत्व की भावना से अपनी शक्ति राष्ट्र निर्माण में लगा सके उन्होंने अध्यापकों से अनुरोध किया कि अब परीक्षाएं अधिक दूर नहीं है इसलिए छात्रों की अतिरिक्त कक्षा लगाकर उन्हें गणित,विज्ञान संस्कृत और अंग्रेजी जैसे कठिन विषयों में परिपक्व बनाने का कार्य भी करें ।

## बड़ौली ने मुख्यमंत्री सैनी को दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं

टीम एक्शन इंडिया

**सानीपत। भाजपा** कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के साथ उनके निवास स्थान पर केक काटकर मुख्यमंत्री नायब सैनी का जन्मदिवस मनाया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य जीवन की मंगलकामना की। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री स्वस्थ और खुशहाल रहे ताकि वे इसी तरह नॉन स्टॉप प्रदेश की जनता के विकास के लिए कार्य करते रहें। उनके शांत स्वभाव व परिश्रमी व ईमानदारी छवि ने उनको प्रत्येक हरियाणा



वासी के दिल में बसा दिया है। वे प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री है जो रात 01 बजे तक अपने निवास स्थान पर लोगों की समस्याएं सुनते है और उनको दूर करने का कार्य करते हैं। उनका मानना है कि मेरा प्रत्येक प्रदेशवासी बिना दर्द और समस्या के आराम से सोए।

उन्होंने कहा कि उन्होंने सच्चाई के रास्ते पर चलते हुए चुनाव के दौरान युवाओं को जो भी वायदे किए थे मुख्यमंत्री बनने से पहले ही उन्होंने बाद में शपथ ली उससे

**बधाई दी**

**प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री स्वस्थ और खुशहाल रहे**

पहले 24 हजार से अधिक युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी देकर ज्वाइन करवाने का कार्य किया है। आज वे प्रदेश के गरीब, किसान, युवा, महिला सहित सभी वर्गो के लिए अंत्योदय की भावना से विकास कर रहे है ताकि हरियाणा एक-हरियाणवी एक के साथ सबको साथ लेकर चला जा सके।

## ट्यूबवेल के स्टार्टर व तार चोरी करने वाला चोर काबू

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन) पुलिस

**अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना सनौली पुलिस टीम ने खेतों से ट्यूबवेल के स्टार्टर व तार चोरी करने वाले शातिर चोर को शुक्रवार देर शाम सनौली खुर्द अड्डा के पास से काबू किया है। आरोपी की पहचान मोमिन निवासी रामडा आर के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी से खेतों से ट्यूबवेल का सामान चोरी की सात वारदातों का खुलासा हुआ। थाना सनौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक ट्यूबवेल के दो



स्टार्टर लेकर सनौली खुर्द अड्डा पर बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान मोमिन पुत्र यामिन निवासी रामडा आर के रूप में बताई। स्टार्टर बारे पूछताछ करने पर आरोपी ने 21 जनवरी की रात सनौली खुर्द गांव के खेत में बने एक कोठड़े से चोरी करने बारे स्वीकारा। आरोपी ने कोठड़े से स्टार्टर के अतिरिक्त ट्यूबवेल से 12 मीटर बिजली की तार व ग्रीफ भी चोरी किये थे। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सनौली में इरशाद पुत्र शमशाद निवासी मवी कैराना शामली यूपी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपी ने चोरी किया अन्य सामान राह चलते अज्ञात कबाड़ी को 400 रूपए में बेचकर पैसे खर्च कर दिए। प्रभारी सब इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने सनौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांव के खेतों से चोरी की 6 अन्य वारदातों का अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदातों बारे थाना सनौली में अभियोग दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो उसने खेतों से चोरी की एकाएक कर उक्त सात वारदातों को अंजाम दिया।

## स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने किया तीन गांवों का धन्यवादी दौरा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज घरौंडा हलके के तीन गांव अराईपुरा, चौरा और फैजलीपुर का दौरा कर विधानसभा चुनाव में तीसरी बार विजयी बनाने के लिए लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में विकास में जो कमी रह गई थी, उसे इस बार पूरा किया जाएगा। ग्रामीणों से कहा की कि वे विकास कार्यों के बारे में बताने में संकोच न करें। हलके के लोगों के लिए उनके द्वार पहले की तरह हर समय खुले हैं। विधानसभा अध्यक्ष का गांवों में शाल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले 5



सालों में कोरोना के कारण विकास कार्यों की गति कुछ धीमी रही लेकिन अगले 5 सालों में न केवल अधूरे कामों को पूरा कराया जाएगा, बल्कि लोगों की मांग के अनुरूप नए कार्य भी कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा और देश में फिर से लोगों ने विकास पर मोहर लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दिनोंदिन मजबूत हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल अपने 9.30 साल के कार्यकाल में हरियाणा में व्यवस्था में बदलाव करके जनहित में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। आज शिक्षित युवाओं को मेरिट पर नौकरियां मिल रही हैं। गरीब का बेटा भी अफसर बन रहा है। इसी कारण युवाओं का रुझान पढ़ाई के प्रति बढ़ा है। उससे पहले सरकारी नौकरियों में भाई भतीजावाद का बोलबाला था। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह व्यवस्था बदलाव का ही नतीजा है कि आज बुजुर्गों के खाते में पेंशन और किसानों के खाते में फसलों के भुगतान की राशि सीधे पहुंच रही है। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों को नशे से दूर रखने और उनकी पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एनसीसी अकादमी, मेडिकल यूनिवर्सिटी बनने और रिंग रोड चालू होने के बाद क्षेत्र में विकास के नये द्वार खुल जायेंगे। रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली प्लान में देश में गरीबों के लिये दो करोड़ मकान बनवाए। दूसरे प्लान में कोरोना के कारण यह कार्य आगे नहीं बढ़ सका। अब तीसरी प्लान में पीएम ने फिर से दो करोड़ मकान बनवाने की घोषणा की है। हरियाणा में भी पात्र लोगों को चरणबद्ध तरीके से मकान उपलब्ध कराये जायेंगे। जिनके मकान ज्यादा खस्ताहालत में हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि वे काम बताने में संकोच न करें। स्पीकर के रूप में भले ही उन्हें नई जिम्मेदारी मिली हो, लेकिन हलकावासियों के लिये वे आज भी पहले जैसे हैं। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, पवन, विजय, सुपरवाइजर कविता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पिपली मार्ग की ठीक ढंग से जल्द हो मरम्मत: एसडीएम डॉ निर्मल नगर

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोमपाल सैनी

**शुक्रवार को खरखौदा** एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने पीपली गाँव का दौरा किया। जहाँ पर पानी निकासी की व्यवस्था चौपट होने के कारण नालों का पानी सड़क पर आने से सड़क बार-बार टूट रही थी। लाखों रुपए की राशि सड़क पर मरम्मत करने में लोक निर्माण विभाग खर्च कर चुका था । दूसरी तरफ प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में वाहन जाम का कारण बन रहे थे। पता ही नही चलता कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढें में सड़क। सड़क में ज्यादा गड्ढे होने के कारण कई दुर्घटनाएं भी यहाँ



घटित हो चुकी थीं। एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने खंड विकास एवं पंचायत,सरपंच, लोक निर्माण विभाग, तहसील विभाग के अधिकारियों के साथ पिपली गाँव का दौरा किया और पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश जारी किये। उन्होंने कहा कि पानी निकासी के लिए लेवल किस तरफ है इसकी भी जाँच की जाए। नाले का लेवल जिस तरफ बनता है उसी तरफ पानी की निकासी कराई जाए।

# सरकार डेयरी, प्राकृतिक खेती, कृषि, बागवानी व मत्स्य पालन क्षेत्रों को दे रही मजबूती: मुख्यमंत्री

**समारोह**

**25 हजार नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कांगड़ा:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिले के बैजनाथ में आयोजित 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के दौरान हिमाचल प्रदेश के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्यत्व दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डा. वाई. एस. परमार के अपार योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस, होमगार्ड, आईआरबी बस्सी, आईआरबी सकोह, एसएसबी सपरी, जिला पुलिस कांगड़ा, यातायात पुलिस, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स एंड गाइड्स और पुलिस बैंड की टुकडि ?ों की सलामी ली। परेड कमांडर आईपीएस (प्रोबेशनर) रविनंदन के नेतृत्व में शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया।
मुख्यमंत्री ने चढि ?ार उप-तहसील को तहसील बनाने, चढि ?ार में लोक निर्माण विभाग का नया उप-मंडल खोलने तथा डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने विस्तृत योजना के साथ तत्त्वानी के गर्म पानी के झरनों तथा खीर गंगा घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त पपरोला-बैजनाथ बाईपास मार्ग पर संसाली-भटवाली में बिनवा नदी पर पुल का निर्माण किया जाएगा।
मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ के सौंदर्यीकरण के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन तथा संसाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा की। उन्होंने बैजनाथ ग्राम पंचायत के महलपत गांव में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने तथा बैजनाथ राजकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान तथा समाजशास्त्र में एम.ए. पाठ्यक्रम शुरू करने की भी घोषणा की। पुलिस चौकी मुलथान की आठ पंचायतें, जिनमें बड़ाग्रां, कोठीकोहर, धरान, मुलथान, लुवाई, पोलिंग, स्वार्ड और बड़ा भंगाल शामिल हैं, अब पुलिस स्टेशन बाड़ी के अधिकार क्षेत्र में आएंगी, जिससे 35 गांवों के 7500 लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने चरवाहों के लिए चरागाह भूमि के विकास और वन अधिकार अधिनियम के तहत उनके अधिकारों के संरक्षण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार पारंपरिक मार्गों में विकासात्मक परिवर्तनों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान करेगी, पर्यावरण अनुकूल भेड़ और बकरी पालन को बढ़ावा देगी और ऊन संघ और ऊन बोर्ड को मजबूत करेगी।
ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हालांकि मौजूदा सरकार को सत्ता में आए हुए दो वर्ष ही हुए हैं, लेकिन स्थिति ऐसी है कि पिछले कर्जों के मूलधन और ब्याज को चुकाने के लिए कर्ज लिया जा रहा है। पिछले दो वित्तीय वर्षों में सरकार ने 30,080 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है, जिसमें से 18,854 करोड़ रुपये, जो कुल का लगभग 63 प्रतिशत है, पिछली सरकार द्वारा लिए गए कर्ज के मूलधन और ब्याज को चुकाने में इस्तेमाल किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने 300 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाला हिमपरिवार पोर्टल लॉन्च किया

**पोर्टल**

**इस पोर्टल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में पारदर्शिता लाकर उन्हें आगे बढ़ाना है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कांगड़ा:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिला के बैजनाथ में आयोजित राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के दौरान हिम परिवार पोर्टल लॉन्च किया। यह पहल राज्य के सभी परिवारों को दस्तावेजों, सरकारी सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंचने के लिए एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करेगी। इस पोर्टल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में पारदर्शिता लाकर उन्हें आगे बढ़ाना है। पोर्टल के माध्यम से नागरिक अपने घर बैठे 300 से अधिक सरकारी सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर हिम परिवार परियोजना को प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने हिम परिवार पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने हिम परिवार कार्ड भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कांगड़ा पुलिस थाने को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 से भी सम्मानित किया। थाने ने अपराध नियंत्रण, शिकायत निवारण, जन सहयोग, प्रशासनिक दक्षता, आधुनिक तकनीक के उपयोग और कर्मचारियों के प्रदर्शन में बेहतर प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री ने थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त, नूरपुर पुलिस जिला को कानून प्रवर्तन और प्रशासनिक दक्षता में उत्कृष्टता के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और यह पुरस्कार पुलिस अधीक्षक अशोक रतन ने प्राप्त किया। कुल्लू जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने पुरस्कार प्राप्त किया। कांगड़ा जिले को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ, जिसे पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने प्राप्त किया। जनजातीय जिलों की श्रेणी में लाहौल-स्पीति जिला पुलिस ने प्रथम पुरस्कार जीता।

**न्यूज फ्लैश**

## वोटबैंक, तुष्टिकरण, और सत्ता स्वार्थ में कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटा: राकेश ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**
**हमीरपुर:** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर का आज जिला स्तरीय संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाया गया यह संविधान गौरव दिवस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में मनाया गया और मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व में रहे गगरेट विधानसभा के विधायक राजेश ठाकुर उपस्थित रहे। भाजपा ने हमेशा बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर का और उनके लिखे संविधान का किया सम्मान कार्यक्रम के शुभारंभ पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्जित कर और दीप प्रज्लित से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा वोटबैंक, तुष्टिकरण, और सत्ता स्वार्थ में कांग्रेस ने न केवल संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटा बल्कि लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को भी बार-बार अपमानित किया तथा देश को बदनाम किया। जिला अध्यक्ष ने कहा संविधान गौरव अभियान की शुरूआत के वक्त हमें अपने इतिहास पर गर्व करना चाहिए और उन लोगों के प्रति सतर्क रहना चाहिए जिनके खाने के दांत और, दिखाने के और हैं। ये लोग संविधान की किताब तो हाथ में रखते हैं, लेकिन कभी उसे पढ़ते तक नहीं। और उन्होंने कहा यह सवाल जब हमारे लोकप्रिय सांसद अनुराग ठाकुर ने संसद भवन में राहुल गांधी से पूछा कि आप संविधान की किताब को लेकर जब घूमते हैं क्या आपको पता भी है कि इस संविधान की किताब में कितने पन्ने होते हैं तो राहुल गांधी उस प्रश्न का जवाब तक संसद भवन में नहीं दे पाए। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बड़े विस्तार पूर्वक बाबा भीमराव अंबेडकर के बारे में बताया और किस तरह से कांग्रेस उनको हमेशा अपमानित करती रही कांग्रेस ने बाबा साहब का हर कदम पर अपमान किया, अपनी सरकार में उन्हें भारत रत्न भी नहीं दिया। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा साहब के सम्मान में 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया। संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। इस दौरान बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी, उर्मिल ठाकुर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के सचिव नरेंद्र अत्री पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री कौशल विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष नवीन शर्मा अजय रिंटू, उषा बिरला ,राजकुमारी ठाकुर, बीना शर्मा ,बिना कपिल सभी मंडलों के अध्यक्ष युवा मोर्चा के अध्यक्ष महिला मोर्चा की अध्यक्ष अर्चना चौहान आदर्श कांत और विकास शर्मा सहित अन्य कार्य कर्तव्य पदाधिकारी मौजूद रहे मुख्य वक्ता राजेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार ने बाबा साहब से जुड़े पंचतीर्थों का विकास किया। संविधान की भावना के अनुरूप एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और गरीबों को सशक्त किया। इंदिरा गांधी ने 50 राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू कर संघीय ढाँचे को तहस-नहस किया। मनमोहन सिंह जी और राजीव गांधी जी के कार्यकाल में भी कई बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया। राजेश ठाकुर ने कहा की प्रदेश में भी जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बनी तब तक प्रदेश में निरंतर विकास की गाथा लिखी गई। उन्होंने कहा शांता कुमार को पानी का मुख्यमंत्री कहा गया जब धूमल की सरकार बनी तो उन्हें सडकों का मुख्यमंत्री कहा गया और उनके कार्यकाल में प्रदेश में जहां सडकों का जाल बिछाया गया वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ उसके बाद जब जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने भी प्रदेश के विकास के लिए नहीं गाथाएं लिखी। लेकिन कांग्रेस हमेशा झूठ और लुभावने वायदे लोगों को दिखाती है और झूठ और फरेब से सत्ता हासिल कर लेती है और यह

# जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कृषि व पशुपालन मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**
**चंबा:** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह चंबा के ऐतिहासिक चौगान में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें प्रदेश के कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पुलिस, होमगार्ड के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों से एनसीसी व एनएसएस की टुकडि ?ां भव्य परेड में शामिल होंगी। समारोह को मनोरंजक व आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उपायुक्त ने चंबा शहर व आसपास के लोगों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की है कि वे 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होकर इसकी शोभा बढ़ाएं व इसका आनंद उठाएं।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था से अच्छी कोई दूसरी व्यवस्था नहीं: महाजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी:** करसोग में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश व करसोग वासियों को पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 25 जनवरी का यह दिन प्रदेश के लिए बेहद गौरवमयी दिन है। एक ओर जहां 25 जनवरी, 1971 के दिन प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था, वहीं दूसरी ओर मजबूत लोकतंत्र की पहचान, राष्ट्रीय मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतन्त्र में इस दिवस को मतदाता दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य युवा मतदाताओं को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है व शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी मजबूत लोकतन्त्र के लिए सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के लिए लोकतान्त्रिक व्यवस्था से अच्छी कोई दूसरी व्यवस्था नहीं है, इसलिए हमें इसे मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह दिवस भारतीय निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस भी है। भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को गणतन्त्र दिवस से ठीक एक दिन पहले हुई थी। आयोग द्वारा 25 जनवरी, 2011 में पहली बार मतदाता दिवस मनाया गया था। एसडीएम ने कहा कि आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर करसोग निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान में उनकी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक नई पहल शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि करसोग विधानसभा क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों में युवा आइकन बनाए जाएंगे जो लोगों को चुनाव के प्रति जागरूक करेंगे। इस संबंध में उन्होंने संबंधित बूथ स्तर अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी शक्ति और ऊर्जा से भरपूर होती है और युवाओं को प्रदेश व देश के विकास में अपनी भागदारी सुनिश्चित करने के लिए आगे आना चाहिए।

# नंदपुर पेट्रोल पंप पर राष्ट्रीय सडक सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना** : उपमंडल अंब के तहत नंदपुर न्यारा पैट्रोल पंप पर राष्ट्रीय सडक सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर न्यारा पेट्रोल पंप के प्रबंधन समाजसेवी एंव जिला परिषद सदस्य सतीश शर्मा सहित अन्य ने मुख्यातिथि एसडीएम सचिन शर्मा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में एसडीएम अंब ने राष्ट्रीय सडक सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। वहीं समाजसेवी सतिश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सडक सुरक्षा केवल सरकार और समाज की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। इस दौरान कार्यक्रम में पीएसएम चैरिटी के मैनेजर, मुबशर काजमी ने भी अपने विचार साझा किए और राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित किया। मुबशर काजमी ने बताया कि चैरिटी संगठनों का समाज में बड़ा योगदान है, जो समाज में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ. मान सिंह, हरिश शर्मा, धर्मवीर शर्मा, सुनील शर्मा, क्षेत्र के प्रधान, उप प्रधान सहित प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे।

## हरोली क्षेत्र में कल बिजली रहेगी बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना** : 11 केवी भदसाली फीडर के उचित रखरखाब और मुरम्मत कार्य के कारण 27 जनवरी को हरोली क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि मुरम्मत कार्य के चलते विद्युत उपमंडल हरोलीके तहत आने वाले गांव बढ़ेडा, सलोह आदि में सुबह 9 से दोपहर 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**
**चंबा** : जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक जिला के बचत भवन के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित नए व पुराने मदों पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें जिला चम्बा को पर्यटन हब बनाने को लेकर विशेष विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में जिला परिषद सदयों के द्वारा जिला के विभिन्न अनछुए पर्यटन स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और पर्यटन स्थलों को विकसित कर वहां पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न मदों पर चर्चा हुई। इसके अलावा स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, सडक, शिक्षा व अन्य मामलों से संबंधित मद बैठक में मुख्य रूप शामिल रहें। बैठक में अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने सभी विभागों के अधिकारियों से जनहित के विभिन्न कार्यों को आपसी समन्वय स्थापित कर तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिन विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा नही की जा सकी है उनके साथ पुनः बैठक की जाएगी ताकि लोगों की आ रही समस्याओं का निदान किया जा सके।उन्होंने कुछ मदों पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर संबंधित विभाग द्वारा उचित कार्रवाई कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए । बैठक में उपस्थित सभी जिला परिषद सदस्यों व सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के गत माह हुए आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन भी रखा। बैठक में परिषद के सचिव एवं जिला पंचायत अधिकारी मनीष कुमार ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# नशे से युवा पीढ़ी का भविष्य हो सकता अंधकारमय: डॉ. डोगरा

**अभिभाषण**

**डॉ डोगरा ने कहा नशे की लत एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज के हर वर्ग को प्रभावित कर रही है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**
**हमीरपुर:**
भूखे पेट सोने वाले घरों में चूल्हे जलने लगे हैं, बंजर जमीनों से हीरे निकलने लगे हैं, समृद्धि की ओर उन्मुख हो रहा मेरा देश-प्रदेश, आज हर तरफ शिक्षा के मंदीर खुलने लगे हैं। इस स्लोगन के साथ हमीरपुर मैडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष और राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने उदिशा पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में किया अभिभाषण की शुरूआत की जोकि इस समारोह में मुख्य मेहमान थे। इस मौके पर रिटायर्ड प्रिंसीपल मोहन सिंह डोगरा विशेषातिथि के तौर पर शामिल हुए
। डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने स्कूल और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में शिक्षा व्यवस्था के उत्थान को सराहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे शिक्षा के व्यवस्था परिवर्तन को सकरात्मक बताया। डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने इंटरनेट का सदुपयोग पर अपने विचार साझा किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट ने हमारे जीवन को पूरी तरह से बदल दिया है। यह जानकारी और संचार का एक अनमोल साधन है, जो हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। लेकिन इसका सही और सदुपयोग करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ डोगरा ने कहा नशे की लत एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज के हर वर्ग को प्रभावित कर रही है। इससे हमारी युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय हो सकता है।
शराब, तंबाकू, और ड्रग्स जैसी नशीली वस्तुओं का सेवन हमारी सेहत के लिए बेहद हानिकारक है। ये पदार्थ हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियां, जैसे कि कैंसर, हृदय रोग, और मानसिक विकार उत्पन्न हो सकती हैं।

# युवा अपने मताधिकार के महत्व को समझें: उपायुक्त मुकेश रेपसवाल




**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**
**चंबा :** 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकार मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में चंबा के ऐतिहासिक अखंड चंडी पैलेस के दरबार हाल में वोट जैसा कुछ नहीं- वोट जरुर डालेंगे हम थीम विषय पर आधारित जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुकेश रेपसवाल ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस की जिला वासियों को शुभकामनाएं देते हुए विशेषकर युवा और भावी मतदाताओं से आह्वान किया कि वे मतदान के महत्व को समझते हुए हमेशा अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ में उन्होंने ये भी कहा कि मेरिट के आधार पर किया गया मतदान क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है । उपायुक्त ने विशेष कर युवा-भावी मतदाताओं से इस संबंध में अपने अभिभावकों से भी अनुभव प्राप्त करने का आह्वान किया। मुकेश रेपसवाल ने गत लोक सभा एवं विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि इस वर्ष तथा पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों के भी चुनाव प्रस्तावित हैं। उन्होंने युवाओं सहित सभी मतदाताओं से इन चुनावों में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज करवाएं ताकि वे भी मतदान और मताधिकार की इस महान व्यवस्था का हिस्सा बन सकें। कार्यक्रम के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व एवं जागरूकता को लेकर शपथ भी ग्रहण करवाई। उन्होंने इस दौरान युवा-भावी मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र भी भेंट किए। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संयुक्त निदेशक केशव राम, प्रधानाचार्य डॉ. पंकज गुप्ता, तहसीलदार राजस्व दीक्षित राणा, सहायक अभियंता विद्युत हंसराज चौहान, ओएसडी उच्च शिक्षा उमाकांत आनंद, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एसडीएम ने कर्मियों को दिलाई मतदाता शपथ

**शपथ**

**देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखते हुए मतदान करने की कसम खाई।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**
**जोगिंद्रनगर** : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम जोगिन्दर नगर मनीश चौधरी ने मिनी सचिवालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान में भाग लेने के लिए मतदाता शपथ दिलाई। मतदाता शपथ के माध्यम से सभी ने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखते हुए मतदान करने की कसम खाई। साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा या फिर किसी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की भी शपथ ली। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए भविष्य में होने वाले चुनावों के दौरान सभी नागरिकों का बढ़-चढ़ कर भाग लेना महत्वपूर्ण हो जाता है।

# पर्यावरण संतुलन के लिए ठोस अपशिष्ट पदार्थों का सही निष्पादन जरूरी : प्रो. संजीव अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन संस्थान द्वारा ह्यपर्यावरण तथा स्थिरताह्न विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन प्रो. संजीव अरोड़ा ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए ठोस अपशिष्ट पदार्थों का सही निष्पादन जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के लिए ठोस अपशिष्ट पदार्थों का निष्पादन जरूरी है। उन्होंने अपशिष्ट पदार्थों के कुशल प्रबंधन के लिए विकल्प भी सुझाए। इस अवसर पर पर्यावरण अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो.



जितेन्द्र शर्मा ने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे नवाचार के माध्यम से पर्यावरण एवं सतत विकास की दिशा में कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने कम उपयोग करना, पुन: उपयोग करना और पुन: चक्रित करने के थ्री आर सिद्धांत के बारे में भी बताया जो अपशिष्ट को कम करने और संसाधनों के संरक्षण में सहायक हैं। सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों एवं पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. सुनीता दलाल, डॉ. मीनाक्षी नांदल, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. सोमबीर जाखड, डॉ. राजकमल, प्रो. आशा गुप्ता, प्रो. डेजी बातिश, प्रो. हरमिंदर सिंह, प्रो. अशोक अग्रवाल, प्रो. नरेंद्र सिंह, डॉ. अमीषा शर्मा और आयोजन समिति के सभी सदस्य, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. पूजा, डॉ. दीप्ति, डॉ. भावना दहिया, शिवानी गर्ग, अन्य प्रतिनिधि, शोधार्थी और छात्र उपस्थित थे।

**प्रतिभागियों को किया पुरस्कार राशि से सम्मानित**

एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर पोस्टर प्रस्तुत करने की श्रेणी में जैव प्रौद्योगिकी विभाग की श्रेया चहल व माइक्रोबायोलॉजी विभाग की पूनम शर्मा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार केयू काजल देवी वनस्पति विज्ञान विभाग व काजल चौहान, केयू जैव प्रौद्योगिकी विभाग को द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार निधि अहलावत, पर्यावरण विज्ञान विभाग, एमडीयू रोहतक व शालिनी ओझा, वनस्पति विज्ञान विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ को मिला। वहीं मौखिक प्रस्तुति में शुभांग भारद्वाज, वैज्ञानिक बी, केंद्रीय कागज एवं लुगदी अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार, मोहिनी गोयल, केयू वनस्पति विज्ञान विभाग, अंशुल त्यागी, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली तथा तृतीय पुरस्कार प्रभजोत कौर, केयू जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रज्ञा यादव, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, ने प्राप्त किया।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**दिल्ली वर्ल्ड** पब्लिक स्कूल में 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में गणतंत्र दिवस के शुभावसर पर जिसमें स्कूल की प्रबंधक समिति छात्रों और शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गायत्री मंत्र से की, जिसने सभी का मन-मोह लिया। तत्पश्चात देशभक्ति के रंग में रंगे बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति के गीतों जैसे 'ए देश मेरे, संदेशे आते हैं आदि पर नृत्य-गायन प्रस्तुत किये। बच्चों के उत्साहवर्धक प्रदर्शनों ने सभी का दिल जीत लिया। वहाँ उपस्थित सभी दर्शकों के मन में सभी कार्यक्रमों ने देशभक्ति



का जज्बा जगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और सारा ऑडिटोरियम ह्यभारत माता की जयह्न और ह्यजय भारतह्न आदि के नारों से गूँज उठा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रबंधक समिति के सदस्यों ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और बच्चों को देश के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। जो हमें यह प्रेरणा देता है कि प्रत्येक भारतीय को आपसी भेदभाव को मिटाकर राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक कार्य में अपना योगदान देना चाहिए। विद्यालय के वाइस चेयरमैन जगदीश अरोड़ा ने कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतीय के लिए बड़ा ही महत्त्वपूर्ण दिन है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना तन, मन और धन सब कुछ न्योछावरकर हमें स्वतंत्रता रूपी जो उपहार दिया है, हमें उसकी रक्षा करनी है।

## न्यूज फ्लैश

### बैंक मैनेजर पर ग्राहकों के लाखों रुपये हड़पने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर** थाना सोनीपत क्षेत्र में बैंक मैनेजर पर ग्राहकों के लाखों रुपये हड़पने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोपित ने चालीस हजार रुपये की राशि वापस लौटाकर फरार हो गया। बैंक शाखा के क्लस्टर हेड ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इक्विटास स्माल फाइनेंस बैंक की सोनीपत शाखा के कलस्टर हेड जितेंद्र राजपूत ने बताया कि फरमाणा गांव का रहने वाला युद्धवीर सिंह उनके बैंक में अप्रैल 2016 में रिलेशनशिप मैनेजर के तौर पर कार्यरत था। वह आठ जुलाई 2021 को बिना सूचना के ही वह नौकरी छोड़कर चला गया। इस दौरान बैंक में कुछ गड़बड़ी सामने आई। उसके खिलाफ नवंबर 2021 में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद आरोपित ने अपना जुर्म कबूल कर 40 हजार रुपये वापस भी लौटा दिए। बाकी राशि किस्तों में चुकाने का वादा किया, लेकिन फिर फरार हो गया। बाद के आडिट में पता चला कि उसने सात और सूक्ष्म वित्त इकाइयों से 82, 622 रुपये की अतिरिक्त राशि का भी गबन किया था। कुल मिलाकर 3.25 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई विकास कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नागरिक अस्पताल के कई चिकित्सक ट्रेनिंग पर गए, ओपीडी में मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी

**सोनीपत: जिला नागरिक अस्पताल** में मरीजों को उपचार के नाम पर चक्कर लगवाएं जा रहे है। अस्पताल में तैनात कई चिकित्सक ट्रेनिंग के लिए चण्डीगढ़ भेजे गए है। जिसके चलते अस्पताल में हड ्डी, चर्म रोग, फिजिशियन ओपीडी में उपचार करवाने में परेशानियों का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा हड्डी रोग विभाग में मरीजों को उठानी पड़ रही है। जिसके चलते मरीजों को बिना उपचार के ही अस्पताल से वापस लौटना पड़ रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में ओपीडी रजिस्ट्रेशन मौजूदा समय में 1800 के करीब पहुंच रहा है। लोग दूर-दराज क्षेत्र में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंच रहे है, लेकिन ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति न होने के कारण वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ता है। बृहस्पतिवार को नागरिक अस्पताल में हड्डी रोग विभाग, चर्म रोग विभाग में चिकित्सक नहीं मिला। वहीं फिजिशियन ओपीडी में चिकित्सकों की कमी होने के कारण मरीजों की भीड़ देखने को मिली।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**सोनीपत: दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग** पर राठधाना स्टेशन पर रेलवे लाइन क्रॉस करते समय युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मी सरिता ने बताया कि दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर मालगाड़ी चालक ने सूचना दी कि एक युवक राठधाना रेलवे स्टेशन पर लाइन क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां शव के पास से जरूरी नमूने एकत्रित करे शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतक की आयु करीब 30 वर्ष है। उसकी आसपास के क्षेत्र में शिनाख्त की गई, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। शव को शवगृह में 72 घंटे के लिए रखवाया गया है। शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# 69 वें रेल सप्ताह के दौरान अंबाला मंडल को मिली 13 शील्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंबाला मंडल** रेल प्रबंधक विनोद भाटिया रेल विभाग के विभिन्न अधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सुबह दादर एक्सप्रेस से अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पहुंचे अंबाला मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया रेल विभाग के विभिन्न अधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

उत्तर रेलवे के पांच मंडलों दिल्ली, फिरोजपुर, लखनऊ, मुरादाबाद में से अंबाला मंडल को सर्वेश्रेष्ठ स्वच्छता सम्मान मिला है। यह सम्मान 69 वें रेल सप्ताह के दौरान दिल्ली में आयोजित समारोह में अंबाला मंडल के रेल प्रबंधक विनोद भाटिया को दिया गया।



जिसमें 13 शील्ड अंबाला रेल मंडल को दी गई। इसके अलावा समारोह में 15 अलग-अलग विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों को शील्ड व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। ढोल बजे के साथ अनेक शिलड को अंबाला छावनी प्लेटफार्म पर लाया गया अंबाला मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को फूल मालाए पहनाई और अंबाला मंडल की इस जीत पर खुशी जताई।इस मौके पर एडीआरएम के साथ वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सुबह दादर एक्सप्रेस से अंबाला पहुंचे। अंबाला मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने बताया कि दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह 13 शीएलडी अंबाला मंडल को दी गई है।उत्तर रेलवे के पांच मंडलों दिल्ली, फिरोजपुर, लखनऊ, मुरादाबाद में से अंबाला मंडल को सर्वेश्रेष्ठ स्वच्छता सम्मान मिला है यह सम्मान अकेले किसी एक अधिकारी की कार्यशैली से नहीं बल्कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी और कर्मचारी के संयुक्त प्रयास से मिला है। उन्होंने बताया कि रनिंग शील्ड्स के तहत अंबाला मंडल को वाणिज्य, कंस्ट्रक्शन, इंजीनियरिंग, मकैनिकल, मेडिकल, पसर्नल, राजभाषा, संरक्षा, सुरक्षा सम्मान प्रदान किया गया है।

# बार एसोसिएशन का वर्क सस्पेंड खत्म, सीएम के आश्वासन पर लिया निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: प्रदेश के मुखिया के** आश्वासन पर जिला बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड को वापस ले लिया। हालांकि मामले में जांच रिपोर्ट आने तक जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना जारी रहेगा। जिला बार एसोसिएशन की बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री की तरफ से दूसरे जिले के उच्च अधिकारी के नेतृत्व में मामले की जांच करवाई जायेगी। लापरवाही मिलने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बैठक के दौरान जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढुल ने बताया कि उनके साथ अधिवक्ता के पिता अक्टूबर 2024 में सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। जिसमें अधिवक्ता साथी राकेश ढाका प्रत्यक्षदर्शी थे। परंतु पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित और बाइक दोनों को ही बदल दिया। पुलिस की इस तरह की गैर जिम्मेदाराना कार्रवाई को देखते हुए बार की तरफ से वर्क सस्पेंड किया गया था। करीब एक सप्ताह बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात की गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि निष्पक्ष तौर पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के आश्वासन के पश्चात बार में बृहस्पतिवार को बैठक का आयोजन किया गया।

# अदालत ने आरोपितों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: क्राइम यूनिट सेक्टर-3** सोनीपत पुलिस ने मेडिकल स्टोर की दुकान से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित गौरव उर्फ गौरी उर्फ रोहिला निवासी जटवाड़ा व मिथुन निवासी बिहार हाल में झुग्गी सेक्टर-15 सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। कोट मोहल्ला निवासी सौरभ ने गत दो सिंतबर 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका शहर के फैज बाजार में मेडिकल स्टोर है। वह अपनी दुकान को बंद करके घर चला गया। अगले दिन सुबह आकर देखा तो दुकान का शटर टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो करीब पंद्रह हजार रुपये की राशि गायब मिली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक राकेश की टीम ने एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया। उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

# आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों ने शपथ लेकर मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस** के अवसर पर आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कॉलेज की एन.एस.एस इकाई एवं छात्रों द्वारा अपने देश के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी लेने की शपथ दी लाई। डॉ. गुप्त ने कहा की युवाओं हर चुनाव में बढ़-चढ़ भाग लेने के साथ समाज में भी चुनाव के प्रति जागरूकता लाने का नेक कार्य करना चाहिए। साथ ही कॉलेज की एन.एस.एस इकाई द्वारा कॉलेज के अन्य छात्र-छात्राओं को को जागरूक करने का काम किया गया।



इस अवसर पर कॉलेज की एनएसएस इकाई के प्रभारी विवेक गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन पानीपत द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सीटीएम द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन प्रतियोगिताओं में आर्य कॉलेज की एनएसएस की वोलंटियर तान्या सचदेवा ने डेक्लामेशन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीत कर प्रशस्ति प्रमाण पत्र और 2500 रुपए का नकद पुरस्कार जीता।

# घर से 1 लाख रुपये सहित युवती लापता

**गन्नौर। गन्नौर थाना** क्षेत्र के एक गांव से 20 वर्षीय युवती अपने घर से लापता हो गई। युवती के परिवार वालों का आरोप है कि वह अपने साथ घर में रखे 1 लाख रुपये भी ले गई। युवती के भाई ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में भाई ने बताया कि उसकी सबसे छोटी बहन 23 जनवरी की रात अपनी मर्जी से बिना किसी को बताए घर से 1 लाख रुपये साथ ले कर चली गई। उन्होंने पुलिस ने उसकी बहन की तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# जी वी एम पब्लिक स्कूल मे मनाया गया गणतंत्र दिवस

**समालखा ( कुलदीप सिह )**

**जीह्न वीह्न एमह्न** पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन समालखा के प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता स्कूल अध्यापिका कृतिका द्वारा की गई। इसके बाद कक्षा प्री नर्सरी से लेकर पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी कला का बड़ा ही भव्य प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने बड़े ही आकर्षक ढंग से नृत्य, गायन, नाटक व काव्य का मंचन किया। दूसरी कक्षा के छात्रों ने बड़े ही आकर्षक ढंग से एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका उदेशय था की देश प्रेम केवल एक शैनिक बनकर ही नहीं अपितु एक साधारण नागरिक बनकर भी प्रदर्शित किया जा सकता है जैसे कि अपने



देश को साफ सुथरा रखकर जरूरत मंदो की मदद कर, बिजली बचा कर, पेड़ लगाकर, पानी बचाकर इत्यादि कनर्सरी कक्षा के छात्रों ने राष्ट्रीय प्रतिकों को प्रदशित करते हुए देश की धरोहर को बचाया कस्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा द्वारा बडा ही सुंदर भाषण प्रस्तुत किया गया जिसमें उसने बच्चों को बताया कि 26 जनवरी 1950 के दिन भारत का संविधान लागू हुआ था उसी दिन से बड़े उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया जाता है । उसने बच्चों को गणतंत्र का अर्थ बताते हुए बताया कि गणतंत्र का अर्थ है जनता द्वारा जनता का शासन । उसने यह भी बताया कि इस दिन भारत की राजधानी दिल्ली में परेड निकाली जाती है। इस परेड में भारतीय जल, थल और वायु सेवा भाग लेती है। इन सभी सेनाओ को भारत के राष्ट्रपति द्वारा सलामी दी जाती है। स्कूल प्रबंधक राधे श्याम जागडा ने भी अपने वक्तव्य में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस केवल अतीत को याद करने के बारे में नहीं है, यह वर्तमान को अपनाने और भविष्य के निर्माण के बारे में भी है यह सीखने, बड़े सपने देखने व ऊंचे लक्ष्य रखने की आजादी है। उन्होंने बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रधानाचार्य पम्मी ठकराल व उप-प्रधानाचार्य मीनाक्षी बरतवाल ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

# एक्टर आलोकनाथ व श्रेयस सहित 13 लोगों को मामले में किया गया है नामजद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल थाना पुलिस ने** डीजीपी कार्यालय की तरफ से मिले दिशा-निर्देशों पर दो बॉलीवुड एक्टर्स सहित 13 लोगों पर पचास लाख लोगों से ठगी करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें संचालक नरेंद्र नेगी, समीर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, परीक्षित पारसे, आरके शेट्टी, राजेश टैगोर (मुख्य ट्रेनर), संजय मुदगिल (मुख्य ट्रेनर), बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ (ब्रांड एंबेसडर, जिन्होंने सोसाइटी को प्रमोट किया), पप्पू शर्मा (हरियाणा हैड), आकाश श्रीवास्तव (हरियाणा हैड), रामकवार झा (चेस्ट ब्रांच) और शबाबे हुसैन को नामजद किया है। वहीं, बालीवुड एक्टर सोनू सूद भी इस कंपनी के पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में चीफ गेस्ट बनकर आ चुके है। आरोपितों ने अलग-अलग स्थानों पर करीब 250 कंपनी के कार्यालय खोलकर वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हसनपुर निवासी विपुल कुमार ने बताया कि ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम के तहत मध्य प्रदेश के इंदौर में रजिस्टर्ड थी। जो 16 सितंबर 2016 से हरियाणा समेत देश के कई राज्यों काम कर रही थी।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम और शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने एनएसएस अधिकारीयों डॉ राकेश गर्ग, डॉ मुकेश पुनिया, डॉ एसके वर्मा, डॉ वीरेंद्र गिल, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ) बलजिंदर सिंह, डॉ प्रियंका चांदना, प्रो प्रवीण कुमारी आदि के साथ उपस्थित एन.एस.एस. स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को निर्भीकता, जागरूकता और निरंतरता के साथ वोट डालने की शपथ दिलाई ।




प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मनाने का उद्देश्य युवाओं में वोट के महत्व और प्रजातन्त्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का बोध करवाना है । इस अवसर पर मतदान डालने और अच्छी सरकार को चुनने हेतू समाज को जागृत करने के लिए मतदाता रैली निकाली गई । विदित रहे कि भारतीय मतदाताओं में मतदान के प्रति घटते रुझान को दूर करने के लिए साल 2011 से भारतीय निर्वाचन आयोग ने हर साल 25 जनवरी के दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस मानने का निर्णय लिया था । दरअसल जब 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था तब से ही यह दिन भारत के सभी मतदाताओं के नाम है ताकि उन्हें लोकतंत्र के प्रति उनके दायित्वों की याद रहे और वह खुद इसके महत्व को समझ सकें । 26 जनवरी से एक दिन पहले इस दिवस की प्रासंगिकता बेहद सटीक बैठती है । असल में मतदाता और उसका मत ही भारतीय लोकतंत्र या किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र का मूल आधार है ।

कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि भारतीय लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका सबसे अहम है । नागरिक ही सरकार चुनकर देश की दिशा तय करते हैं । ऐसे में नेशनल वोटर डे पर नागरिकों को वोट देने के लिए जागरुक किया जाता है और उन्हें वोट की अहमियत बताई जाती है । कॉलेज के युवा भी इस जिम्मेदारी की अहमियत को समझेंगे ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है ।

प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि इस बार के राष्ट्रीय मतदाता दिवस का थीम ह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्न है । चूँकि इस वर्ष कई राज्यों में चुनाव होने वाले है ऐसे में प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों से वोट अवश्य डालने का प्रण लिया । भारत एक गणतांत्रिक देश है और गणतांत्रिक देश में चुनाव और मत का प्रयोग सबसे अहम होता है।

# कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन)**

आई. बी. महाविद्यालय, पानीपत के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में डॉ. निधि के निर्देशन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्यों एल.एन. मिगलानी, युधिष्ठिर मिगलानी, रवि गोसाई, रमेश नागपाल, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, डॉ. निधि , समस्त शिक्षकगण और सभी संकायों के विद्यार्थियों द्वारा ह्लभारतीय संविधान की प्रस्तावनाह्व का पाठन किया गया । इस अवसर पर



महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा ने ह्लभारतीय संविधान की प्रस्तावनाह्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रस्तावना संविधान के मूल सिद्धांतों से अवगत कराती है । संविधान की प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को आधार माना गया है । संविधान की प्रस्तावना में भारतीय राज्य की प्रकृति समाजवादी, प्रभुत्वसंपन्न, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में निर्धारित की गई है।

# 30,000 से अधिक महिला सम्मान फार्म कबाड़ी ने भाजपा तक पहुंचायेः सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सूर्य प्रकाश खत्री ने अरविंद केजरीवाल द्वारा महिला सम्मान के नाम पर भरवाए गए फर्जी फॉर्म और पूरी दिल्ली में महिलाओं के पर्सनल डिटेल लेकर उनको साइबर क्राइम के खतरे की ओर धकेलने की साजिश का पदार्फाश किया है और कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल के पास थोड़ी भी नैतिकता बची है तो वह तुरंत आप संयोजक पद से इस्तीफा दें। प्रेसवार्ता संयोजक प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आज महिला सम्मान फार्मों का कबाड़ी से मिलना जहां गरीब कबाड़ी की इंसानियत दिखाता है तो वही अब यह साफ है की दिल्ली में कोई ऐसा नहीं बचा जिसे केजरीवाल ने ठगा नहीं हो। प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर अवस्थी भी उपस्थित थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि तिमारपुर के एक कबाड़ी के यहां किसी ने आप द्वारा महिला सम्मान के नाम पर भरवाये यह लगभग 30 हजार महिला सम्मान फार्म बेचे जिनमें तिमारपुर की गरीब महिलाओं और बहनों के पर्सनल डाटा साफ तौर पर आम पब्लिक के बीच दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उनके साथ डिजिटल क्राइम होने का खतरा बढ़ गया है। सचदेवा ने आशंका जताई है कि दिल्ली के सभी 70 विधानसभाओं में ऐसी ही फर्जी फॉर्म के नाम पर महिलाओं से पर्सनल डाटा लिए गए हैं और अब लाखों महिलाओं के साथ साइबर क्राइम का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जो फॉर्म कबाड़ी ने हम तक दिये हैं, उनमें महिलाओं के आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, पेनकार्ड, वोटर आई कार्ड और ऑरिजनल फोटो भी शामिल है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने चंद पैसों के लिए कबाड़ी वालों के घर घर से महिला सम्मान के नाम पर भरे गए फॉर्म को बेचकर खुद ही साबित कर दिया कि यह योजना अरविंद केजरीवाल की बाकी योजनाओं की तरह झूठी है। वीरेन्द्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल द्वारा भरवाए गए 30,000 फॉर्म को दिखाते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली की महिलाओं का गला घोंटने का काम किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि इन सभी डॉक्यूमेंट को दिल्ली पुलिस आयुक्त को सौंप कर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ की जाँच और इसमें संलिप्त सभी आरोपियों जिन्होने यह क्राइम किया है, उन्हें सजा दिलवायेंगे।




# गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष पर क्रांतिकारियों को शहीद का दर्जा मिले : पम्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः सदर बाजार** में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन की ओर से चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में गणतन्त्र दिवस भारत की आजादी के लिए अपनी जान गंवाने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देकर आजादी के लिए अपनी जान गंवाने वाले भगत सिंह जी, राजगुरु जी, सुखदेव जी, चंद्रशेखर आजाद जी, अशफाकुल्लाह खाँ जी, राम प्रसाद 'बिस्मिल' जी सहित अन्य क्रांतिकारियों को शहीद का दर्जा देने की मांग की। इस अवसर पर फेडरेशन के महासचिव राजिन्दर शर्मा, कमल कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र महेंद्रु, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, सहकोषाध्यक्ष गोपाल ग्रोवर व उपाध्यक्ष रमेश सचदेवा सहित अनेक व्यापारियों ने क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी।

# बादली विधानसभा में देवेन्द्र यादव के समर्थन में विशाल जनसभा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** बादली विधानसभा के बादली जेजे कैंप में जनसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी ने केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है और उन्हें सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि पूरी दिल्ली के लोग 'आप' के कार्यों से खुश नहीं है, हम जहां पर भी जा रहे है लोग कांग्रेस को समर्थन करने की बात कर रहे है। श्री यादव ने सभी से अपील करते हुए कि आप सभी कांग्रेस पार्टी का साथ दें क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है।



# बादली सीट पर विजय की ओर बढ़ रही है भाजपाः साहिल वासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा नेता साहिल वासन ने बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी भारी मतों से विजयी होगें। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है। हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है। इस बार जनता भाजपा के साथ है और जनता दिल्ली में भाजपा की सरकार चाहती है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है। जिस कारण से जनता को बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।



# रोहिणी में कार्यालय के उद्घाटन से पहले हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है गुजरात स्थित धोलेरा, जो विश्व की सबसे बड़ी स्मार्ट सिटी बनने जा रही है। इसी धोलेरा स्मार्ट सिटी पर काम कर रही ब्रोघर रियलिटी के दिल्ली कार्यालय का शनिवार को रोहिणी में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के गुजरात इकाई के प्रमुख भी उपस्थित हुए। कार्यालय के उद्घाटन से पहले यहां पर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हवन यज्ञ भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता भी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर ब्रोघर के दिल्ली ऑफिस में पार्टनर हर्ष ज़िन्दगर और संजय गोयल के अलावा ब्रोघर के संस्थापक डा. अक्षय कुमार और रोहिणी फेडरेशन के अध्यक्ष आर्य मुनि उपस्थित रहे। इस कार्यालय का मकसद है दिल्ली के लोगों को सही और सटीक प्रोपर्टी बिना किसी ठगी के उपलब्ध कराया जा सके। आज जिस तरह से लोगों के साथ स्मार्ट सिटी के नाम पर धोखाधड़ी हो रही है तो ऐसे समय में लोगों को रोजाना की धोखाधड़ी से बचाया जा सके। उपस्थित लोगों ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि दिल्ली में कंपनी का ऑफिस होने से अब दिल्ली बैठे धोलेरा में इन्वेस्ट किया जा सकेगा।



# प्रमोद कश्यप ने पूनम भारद्वाज के समर्थन में किया जनसंपर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा जिला संयोजक प्रमोद कश्यप ने वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई स्लम क्षेत्रों में अपनी टीम के साथ जनसंपर्क किया और लोगों को बताया कि आप सभी क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को वोट करें। मैं आप सभी से वादा करता हूं कि क्षेत्र में विकास ही विकास होगा। क्योंकि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान के जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस भी मिल रहा है, जनता भाजपा के साथ है और भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनने की बात कह रही है।



# जहांगीरपुरी में भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी ने किया जनसंपर्क



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बादली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी ने जहांगीरपुरी क्षेत्र के कई इलाको में जनसंपर्क किया और लोगों को अपने समर्थन में वोट करने की अपील भी की। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी के साथ भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका के अलावा सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने बताया कि दीपक चौधरी भारी मतों से विजयी होगें। क्योंकि दीपक चौधरी जो कहते है, वह करके दिखाते है। हम जहां पर भी जा रहे है जनता भाजपा के साथ है और भाजपा को समर्थन की बात कर रही है।

# भारी मतों से विजयी होगें भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटियाः मुखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी ने बताया कि इस बार आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलेगा, क्योंकि हम क्षेत्र में जहां पर भी जा रहे है, जनता भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया को जीतने की बात कह रही है। उन्होंने आगे बताया कि राजकुमार भाटिया बड़े ही ईमानदार व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते है। यही कारण है कि इस बार जनता का स्नेह और प्यार भाजपा के प्रति है। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में भी काफी ज्यादा फर्क है। आम आदमी पार्टी ने जो वादे जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। यही कारण है कि इस बार दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।






# मतदाता दिवस पर मतदाताओं को किया गया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः उत्तर पूर्वी दिल्ली** के गोकल पुर स्थित गंगा विहार के एच ब्लॉक में प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक मोहित कुमार भारतीय, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद अरविंद कुमार, श्री श्याम बाबा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सीमा कश्यप, सचिव मुस्कान, मधु शर्मा, ललिता शर्मा, कमलेश, मुन्नी देवी, मोनिका, पूनम, नीरज, सुमन, दुर्गा देवी, अंजलि, पलक, अनुराधा शर्मा उपस्थित रहे। जागरूकता अभियान में 30 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। मोहित कुमार ने अपने संबोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा हर मतदान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाता हैं जिससे आम लोगों को जागरूक कर आने वाले चुनावों में सभी अपने मताधिकार का उपयोग कर सके और मतदान का प्रतिशत बढ़वाया जा सकें। इसी अभियान का नतीजा था कि लोकसभा में गोकल पुर विधान सभा का मतदान प्रतिशत 65 प्रतिशत से अधिक रहा है।



# अभाविप के नगर खेल कुंभ का हुआ समापन

## विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों व विजई टीमों को पुरस्कृत कर किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद मथुरा जिला द्वारा शनिवार को बीएसए महाविद्यालय में नगर खेल कुंभ कार्यक्रम के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन 18 से 22 जनवरी तक खेल कुंभ के अंतर्गत हुए विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों व विजई टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है।
मुख्य वक्त ब्रज प्रांत सहमंत्री पुनीत कुमार ने कार्यकताओं को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में युवा देश का नाम रोशन करने की भावना से खेलों में प्रतिभाग करें। साथ ही कहा कि



आज ओलंपिक खेलों में हमारे देश के खिलाड़ी पदक जीत कर देश के प्रतिनिधित्व को मजबूत कर रहे है। इसी क्रम में अभाविप द्वारा युवाओं की खेलों में भागीदारी सुनिश्चित कराने को देशभर में नगर खेल कुंभ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीयता एवं सेवा भाव से जोड़ रहा है एवं युवाओं के अंदर राष्ट्रीय भावना जागृत करने का कार्य कर रहा है।
अभाविप के पूर्व सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री राय सिंह ने कहा कि अभाविप युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अलग- अलग आयामों के माध्यम से उनको मंच देकर सम्मानित कर रहा है। इंद्र सैनी ने बताया कि नगर खेल कुम्भ के अंतर्गत विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर मेडल प्रदान किए गए और सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के सम्मुख अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष एस के राय, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य याषिनी दीक्षित, विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी, विभाग सह संयोजक भूपेंद्र सिंह, जिला संयोजक राम कृष्ण गौतम, जिला सह संयोजक तेजस्वी बारोलिया, जिला एसएफडी संयोजक अमन शर्मा, वंशिता, छवि सिंह आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ललित मोहन शर्मा, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन महानगर सह मंत्री अमन पांडे द्वारा किया गया।

# नगर निगमः चेतावनी को नजरअंदाज किया तो पड़ेगा भारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः नगर** निगम की चेतावनी को नजर अंदाज करना दुकानदारों को भारी पड गया। नगर निगम की टीमें लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही हैं। दुकानदारों को निगम की टीमों की ओर से चेतावनी दी जा रही थी। दुकानदार लगातार चेतावनी को नजरअंदाज कर रहे थे। शनिवार को निगम की ओर से अभियान के दौरान सख्ती बरती गई और सामान को जब्त किया गया। नगर निगम ने शनिवार को फुर्ती दिखाते हुए भूतेश्वर से गोवर्धन चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। व्यापारियों के दुकान के बाहर रखे बोर्ड, बल्ली तख्त ढकेल उठाकर ट्रॉली में रखकर



नगर निगम कार्यालय ले गये। नगर निगम ने दो दिन पहले भी इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। उसी दौरान नगर निगम के अधिकारियों ने चेतावनी देखकर दुकानदारों को छोड़ दिया था लेकिन उसके बाद भी दुकानदार फिर से अतिक्रमण करने लग गए। जिसके बाद नगर निगम ने यह कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कई दुकानदारों के चालान भी किए गए। नगर निगम की इस सख्त कार्रवाई को देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जैसे जैसे नगर निगम की टीम आगे बढ़ती जा रही थीं वैसे वैसे लोग अपने अतिक्रमण को स्वयं हटाते हुए भी दिखाई दिये।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने मास्टर ट्रेनर को किया सम्मानित

**मथुराः मतदाता** जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए और मास्टर ट्रेनर के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सीपी सिंह तथा डीआईजी शैलेश कुमार पांडे के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्वीप सूचना प्रभारी एवं मास्टर ट्रेनर मनीष दयाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डीआईजी शैलेश कुमार पाण्डेय ने प्रत्येक तहसील के सर्वश्रेष्ठ दो-दो बीएलओ को सम्मानित किया। जिसमें छाता से विजय पाल, घनश्याम सिंह, मांट से विकास शर्मा, तोताराम, गोवर्धन से मिटठन लाल, कल्पना, अंकित अग्रवाल, मथुरा से इन्द देव तिवारी, रामचरन एवं बल्देव से भूपेन्द्र सिंह तथा प्रदीप कुमार हैं।

### कार से बरामद की 14 पेटी शराब, दो पकडे

**मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस व आबकारी टीम की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की तस्करी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार से 14 पेटी गैर प्रान्त की विदेशी मदिरा बरामद की है। दोनों पर आरोप है कि ये लोग कार से शराब की तस्करी कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे आनन्द कुमार शाही के मुताबिक पतलावल टिक्या पुत्र पी. सेब्या निवासी देवनगुट्टा टांडा ग्राम पेडर वेली जिला महबूबनगर आन्ध्र प्रदेश व खटराबत गोविन्दू पुत्र नारायन निवासी ग्राम पेडरवेली जिला महबूबनगर आन्ध्र प्रदेश को गैर प्रान्त की विदेशी मदिरा 14 पेटी के साथ एटीवी केट के पास थाना हाईवे क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा आबकारी अधिनियम के तहत दोनों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गई है। ये लोग हाइवे से कार में शराब की पेटियां लेकर जा रहे थे।

### तमंचा के साथ पकडा

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रिफाइनरी सोनू कुमार के मुताबिक वांछित अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र भंवर सिंह निवासी लाड़पुर थाना रिफाइनरी को अंगनपुरा कट के पास से चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। थाना रिफाइनरी पर पूर्व में दर्ज हुए एक मामले में पुलिस को सोनू की तलाश थी। उसके पास से पुलिस ने एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

### बाइकर्स की धमाचौकड़ी से परेशान व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन, सख्त कार्रवाई की मांग

**जालौन**
**जालौन** के उरई कोतवाली क्षेत्र में सड़कों पर उत्पात मचाने वाले बाइक सवारों से परेशान होकर शनिवार को व्यापारियों ने पुलिस से गुहार लगाई है। थाना दिवस में व्यापारियों ने एकत्रित होकर पुलिस को एक प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने बाइक सवारों की गतिविधियों के बारे में बताया है। व्यापारियों का कहना है कि उरई कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड पर कोचिंग जाने वाले लड़कों का आतंक फैला हुआ है। शाम होते ही तेज आवाज और तेज रफ्तार मोटर साइकिल वालों की धमा चौकड़ी शुरू हो जाती है। इससे लोगों को परेशानी होती है। इसके अलावा, यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले लोगों की वजह से आए दिन हादसे हो जाते हैं। व्यापारियों ने पुलिस से मांग की है कि इस समस्या का समाधान करें और सड़कों पर शांति और सुरक्षा बहाल कराएं।

### महाकुम्भ से लौटे श्रद्धालुओं से वाराणसी शहर की गलियां भी जाम

**वाराणसी**
**मौनी** अमावस्या के पहले ही प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर डुबकी लगाने के बाद लाखों श्रद्धालुओं के आने से वाराणसी में जाम के हालात होने लगे हैं। 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शहर में आने से काशी विश्वनाथ मंदिर और आसपास की सड़कें और गलियां भी शनिवार को जाम हो गईं। श्रद्धालुओं के अनवरत आगमन से नईसड़क, गोदौलिया, दशाश्वमेध, बांसफाटक, चौक में यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए अफसरों ने भी मोर्चा संभाल लिया। गंगा तट और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, काल भैरव मंदिर मार्ग पर जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात की गई। अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस. चनप्पा ,अपर पुलिस उपायुक्त, काशी सरवणन टी. ने पैदल गश्त कर भीड़ की सुरक्षा और सुगम यातायात का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त पुलिस अफसरों को लगातार दिशा-निर्देश देते रहे। अफसरों ने बेनियाबाग से रामापुरा, दशाश्वमेध, गोदौलिया, बांस फाटक से काशी विश्वनाथ मंदिर गेट नंबर चार तक पैदल भ्रमण किया।

## जैंत को मिला वेस्ट टूरिज्म विलेज का अवार्ड

**मथुरा।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत अवध शिल्पग्राम लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जिले के पर्यटन ग्राम जैत को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम 2025 (स्वर्ण वर्ग), मैनपुरी के पर्यटन ग्राम भाँवत के रोहित होमस्टे को सर्वश्रेष्ठ होमस्टे 2025 (स्वर्ण वर्ग) और झांसी के कठिया वीट फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी फार्म स्टे (सियाराम) को सर्वश्रेष्ठ फार्म स्टे-2025 (सिल्वर वर्ग) से पुरस्कृत किया गया है। इस पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव ईशा प्रिया, जैत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, सचिव लवी बंसल मौजूद रहे।

# 25 रुपये में ले जाइये 3000 हजार की कीमत वाला एकमुखी रूद्राक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः सनातन धर्म** को मानने वाले लोगों में रुद्राक्ष की काफी अहमियत है। हिन्दू धर्म पुराणों के अनुसार रुद्राक्ष भगवान शिव के नेत्रों से उत्पन्न हुआ है। माना जाता है कि रुद्राक्ष को धारण करने वाले व्यक्ति पर किसी भी तरह की कोई विपत्ति नहीं आती है। अभी तक कुल मिलाकर 14 मुखी रुद्राक्ष पाए गए हैं। इन 14 रुद्राक्ष के अलावा गौरीशंकर और गणेश रुद्राक्ष भी पाए जाते हैं। इनमें सबसे कीमती एक मुखी रूद्राक्ष माना जाता है। नेपाल में रुद्राक्ष के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं। अमूमन एक मुखी रूद्राक्ष का एक दाना 3 से 4 हजार के



?बीच बिकता है। 25 सेक्टर में बंटे कुम्भ मेला क्षेत्र के लगभग हर मार्ग पर आपको रूद्राक्ष बेचने वाले मिल जाएंगे। इनके पास रूद्राक्ष की माला या दाने नहीं, बल्कि रूद्राक्ष का फल आपको मिलेगा। चाकू से काटकर इसके छिलके को हटाने के बाद रुद्राक्ष मिलता है। अगर आपकी किस्मत तेज हुई तो तीन हजार वाला रूद्राक्ष आपको 25 रुपये में मिल सकता है। क्या होता है रुद्राक्षरुद्राक्ष एक पेड़ के फल की गुठली है। हिन्दू धर्म में रुद्राक्ष का उपयोग औषधि में भी किया जाता है, साथ ही इसका आध्यात्मिक महत्व भी होता है। माना जाता है कि रुद्राक्ष को धारण करने से कई प्रकार की बीमारियों से मुक्ति मिलती है। साथ ही रुद्राक्ष अकाल मृत्यु और शत्रु बाधा से भी रक्षा करता है। बेर की तरह होती है रूद्राक्ष की खोलरूद्राक्ष का फल देखने में आपको काले-भूरे बेर जैसा लग सकता है। जब तक इसे छीला नहीं जाता कोई बता नहीं सकता कि ये रुद्राक्ष है। जी हां, इसकी खोल किसी बेर की तरह होती है। चाकू से काटकर इसके छिलके को हटाने के बाद रुद्राक्ष मिलता है। साफ करने के लिए बाकी बचे छिलके को रगड़ा जाता है। एकमुखी रुद्राक्ष कम मिलते हैं। जो लोग इसे बेचते हैं, उनका कहना है कि नेपाल में ये ज्यादा पाया जाता है। 100 में रूद्राक्ष के 4 फलमेला क्षेत्र में 100 रुपये में तीन रूद्राक्ष के फल आपको आसानी से मिल जाएंगे। मोलभाव करने पर पांच-छह भी मिल सकते हैं। आप रूद्राक्ष के फलों की ढेरी से अपनी इच्छानुसार कोई भी फल चुन सकते हैं। विक्रेता आपके सामने चाकू से छीलकर रूद्राक्ष निकालेगा, ब्रश से रगड़कर और साफ करके आपको रूद्राक्ष देगा। संगम क्षेत्र में रूद्राक्ष का फल बेच रहे रिंकू कुमार बताते हैं, ह्यलोगों का असली और नकली रूद्राक्ष की पहचान नहीं है। इसलिये मैंने रूद्राक्ष के फल की दुकान लगायी है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**टीम एक्सनमथुरा।** जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र के सेकडो बच्चो ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और उनको अधिकार दिलाओ की अपील की वर्ष 2008 से शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा संस्कार एवम समाज की मुख्यधारा से जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से जोड़ने का काम बाल अधिकार कार्यकर्ता सह किशोर न्याय बोर्ड सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र पन्ना पोखर के सेकडो बच्चो ने पन्ना पोखर इंडस्ट्रियल एरिया गोपाल




नगर आदि कालोनियों में जागरूकता रैली निकाल कर लोगो से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और उनके अधिकार दिलाओ जागरूकता रैली में जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालक किशोर न्याय बोर्ड मथुरा सदस्य सतीश चंद्र शर्मा जिला बाल कल्याण समिति सदस्य सीमा शर्मा निशा सिंह राजपूत मोनू राजपूत एवम सेकडो बच्चे उपस्थित रहे।

## बांके बिहारी मंदिर को मिला एफसीआरए लाइसेंस

**मथुराः जिले** में बांके बिहारी मंदिर के खजाने में अब विदेश से भी श्रीकृष्ण के भक्त अंशदान कर सकेंगे। दरअसल वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को केंद्र सरकार ने एफसीआरए का लाइसेंस दे दिया है। भगवान श्रीकृष्ण के लाखों विदेशी भक्त हर साल मथुरा वृंदावन उनके दर्शन को आते हैं लेकिन ये लोग अपने देश की मुद्रा मंदिर को दान नहीं कर पाते थे। इसी को लेकर मंदिर के संचालन के लिए कोर्ट द्वारा गठित प्रबंधन समिति ने इस लाइसेंस के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट की मंजूरी के बाद इस आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई। मंदिर को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत लाइसेंस दे दिया है।

# मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएः सिंह

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता की जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः जिला** निर्वाचन अधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।
जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षक, शिक्षकाओं, छात्र छात्राओं आदि को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई, जिसमें शपथ ली गई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए. निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।
शपथ के पश्चात जिलाधिकारी ने विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना

**शपथ दिलाई**

**▶▶ शिक्षकाओं, छात्र छात्राओं आदि को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई**

की। रंगोली, पेटिंग एवं पोस्टर के माध्यम से मतदाता जागरूकता के विभिन्न स्लोग्न को प्रदर्शित किया गया तथा लोगों को इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी अहम भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी को सम्बोधित करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान की अनिवार्यता पर बल दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने प्रत्येक तहसील के सर्वश्रेष्ठ दो दो बीएलओ को सम्मानित किया। जिसमें छाता से विजय पाल, घनश्याम सिंह, मांट से विकास शर्मा, तोताराम, गोवर्धन से मिटठन लाल, कल्पना, अंकित अग्रवाल, मथुरा से इन्द देव तिवारी, रामचरन एवं बलदेव से भूपेन्द्र सिंह तथा प्रदीप कुमार हैं।

# भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः भारत** रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम भारतीय सविता समाज कल्याण संस्था मथुरा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें दूरदराज से आए हुए जननायक के अनुयायियों ने उनके चित्रपट पर पुष्प अर्पित करते भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्व. जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवन चरित्र का गुणगान करते हुए कहा कि हमें अपने महापुरुष के पदचिन्हों पर चलते हुए, देश और समाज की सेवा करनी चाहिए तथा उनके द्वारा शुरू की गई शोषित वंचित पिछड़े अति



पिछड़े वर्गों के हक अधिकार की लड़ाई को घर घर पहुंचाना चाहिए। जंयती कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुवास ठाकुर हाथरस, बच्चू सिंह सविता कांमा, वीकेश नन्द वंशी इगलास, पूरन चंद वर्मा, दिलीप कुमार सविता, चंद्र पाल सविता, भरत लाल सविता,

**पदचिन्ह**

**▶▶ जीवन चरित्र का गुणगान करते हुए कहा कि हमें अपने महापुरुष के पदचिन्हों पर चलते हुए**

गुलाब सिंह सविता, मोहन श्याम सविता, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह सोंखिया, लाल सिंह सविता, खेमचंद सविता, दिनेश कुमार सविता, रमन लाल सविता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय सविता समाज कल्याण संस्था के अध्यक्ष बनवारी लाल सविता ने की।

# शाहजहांपुरः ट्रक ने कार में मारी टक्कर, चार बरातियों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहजहांपुरः** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में जलालाबाद-फरुर्खाबाद हाइवे पर शुक्रवार देर रात ट्रक और कार की भिड़ंत में चार बरातियों की मौत हो गयी। दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में जलालाबाद-फरुर्खाबाद हाइवे पर कटीयूली गांव स्थित एमपी गुजरात ढाबा के पास रात करीब ग्यारह बजे जलालाबाद की तरफ जा रहे ट्रक

**हादसा**

**▶▶ चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

ने सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव दहेना निवासी राहुल (25), गौरा गांव निवासी विनय शर्मा (27), आकाश (22) और गोपाल (24) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गौरा निवासी रोहित (30) तथा ठिंगरी निवासी रजत (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों की राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यह सभी लोग गौरा गांव से कटीयूली एक बारात में शामिल होने आए थे। वापस घर जाते समय उनके साथ यह हादसा हो गया।

# 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश नईम मुठभेड़ में ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मेरठः उत्तर** प्रदेश के मेरठ जिले में आज सुबह पुलिस ने मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश नईम को मार गिराया। उसने एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की थी, तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा ने बताया कि बदमाश नईम की लोकेशन आज सुबह लिसाड़ी गेट थाना के समर गार्डन क्षेत्र में मिली। पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। खुद को घिरा पाकर उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई। वह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।
एसएसपी ने बताया कि नईम ने लिसाड़ी गेट के सोहेल गार्डन कॉलोनी में रहने वाले मिस्त्री मोईन, उनकी पत्नी आसमा, तीन बेटियां अक्सा,अजीजा और अलईपक्सा की हत्या कर दी थी। आरोपित ने दम्पति की हत्या के बाद शव को चादर में लपेटने के साथ बच्चियों के शव बोरी में भरकर बॉक्स में छुपा दिए थे। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई थी। इसके बाद से पुलिस नईम की तलाश में राजस्थान, उत्तराखंड़ और महाराष्ट्र में दबिश दे रही थी।

# एटीएस ने सुल्तानपुर से किया संदिग्ध युवक गिरफ्तार, जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियां

## महाकुंभ में तैनात सुरक्षा एजेसियों को मिला था इनपुट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सुलतानपुरः उत्तर** प्रदेश की एटीएस अयोध्या इकाई ने कादीपुर से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। यहां गिरफ्तारी महाकुंभ की सुरक्षा में सक्रिय सुरक्षा जांच एजेंसी की सूचना पर हुई है। जांच में पता चला कि युवक पंजाब का रहने वाला है और फर्जी दस्तावेजों के साथ यहां रह रहा था। वह विदेश भागने के प्रयास में था। सीओ विनय गौतम ने शनिवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर एटीएस की अयोध्या इकाई ने तौकलपुर नगरा में किराये के मकान में रह रहे एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास मिले दस्तावेजों से पता चला कि युवक पंजाब के फाजिल्का जिले का निवासी मानसिंह है। उसने खुद को सुल्तानपुर के तौकलपुर नगरा का निवासी बताकर फर्जी पहचान पत्र बनवाकर रखा था। उसने बड़ौदा यूपी बैंक की सूरापुर शाखा में आजमगढ़ के बुढ़नपुर से जारी फर्जी आधार कार्ड, निर्वाचन कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र जमा कर रखा था। जांच की गई तो पता चला कि इस नाम का कोई व्यक्ति यहां पर नहीं रहता है। इसके बाद एटीएस ने मामले की जांच शुरू कर दी। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि वह विदेश जाने के प्रयास में था। इसके लिए उसने पिछले साल अप्रैल में सुल्तानपुर के पते से पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302


## आदर्श नगर : 10 सालों का कुशासन, झूठे हैं इनके सभी भाषण : भाटिया

● आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया को मिल रहा अपार जनसमर्थन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया ने अपने चुनाव अभियान को तेज कर दिया है। राजकुमार भाटिया को जनसम्पर्क अभियान, पद यात्राओं, नुक्कड़ सभाओं में क्षेत्र की जनता द्वारा मिल रहे अपार समर्थन से कार्यकताओं का जोश भी बढ़ा हुआ है।

**नारी शक्ति पदयात्रा में मिला भारी समर्थन**

भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया के समर्थन में सराय पीपलथला में नारी शक्ति पदयात्रा निकाली गई जिसमें महिला



कार्यकताओं के साथ-साथ स्थानीय महिलाओं ने भी शामिल होकर अपना समर्थन दिया।

इसके अरीरिक्त नार्थ एक्स पार्क मॉडल टाउन, केवल पार्क एक्सटेंशन में भी राजकुमार भाटिया ने पदयात्रा की। पदयात्राओं में क्षेत्रवासियों ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें जीत के लिए आश्वस्त किया। सराय पीपलथला चौक पर आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए राजकुमार भाटिया ने कहा कि भाजपा झूठे वायदे नही करती, जो कहती है वो करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र मोदी जी की गारंटी है। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनते ही हर गारंटी को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साफ पानी , दुरुस्त सीवेज व्यवस्था, सड़को का निर्माण, स्कूलों में पढ़ाई की समुचित व्यवस्था और आदर्श नगर विधानसभा का समुचित विकास मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की तमाम लाभकारी योजनाएं जिनसे दिल्लीवासियों को आपदा सरकार द्वारा वंचित रखा, इन योजनाओं को लागू किया जाएगा।

**10 सालों का कुशासन, झूठे हैं इनके सभी भाषण : भाटिया**

भाजपा प्रत्याशी राजकुमार ने विरोधियों पर जमकर हमला बोला। खासकर आप प्रत्याशी मुकेश गोयल पर। भाटिया में कहा कि 10 सालों से इनकी सरकार है। आदर्श नगर में भी इनका कार्यकाल 10 साल का हो गया है। इन 10 सालों में आम आदमी पार्टी ने क्या काम करवाये। ये बतायें। अब ये लोग बड़े बड़े वादे कर रहें हैं। इनके सभी भाषण झूठे हैं। इनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है । इसलिए इनके किसी भी प्रलोभन में नहीं फसना। वोट बदलाव के लिए सिर्फ भाजपा को ही देना है।











## मुकेश गोयल बताएं, आखिर किन उपलब्धियों पर जनता 'आप' को दे वोट : शिवांक सिंघल

● शिवांक सिंघल को जनता का मिल रहा प्यार ● जनता दे रही पदयात्राओं में आशीर्वाद











**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। चुनाव प्रचार अपने उफान पर है। हर पार्टी जनता के बीच अपनी बात रखने के लिए प्रयासरत है। वहीं पार्टी के प्रत्याशी जनता को पार्टी की नीतियों, योजनाओं से अवगत करा रहे हैं। साथ ही जनसंपर्क कर क्षेत्र की समस्याएं सुन उनका समाधान करने का आश्वासन दे रहे हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। सिंघल जहां चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी की नीतियों से जनता को अवगत करा रहे हैं साथ ही विरोधियों पर जमकर हमला बोल रहे हैं। जहां आप के घोटालों और जुमलों को जनता के बीच रख रहे हैं वहीं भाजपा की समाज को बांटने वाली नीतियों का जमकर विरोध कर रहे हैं।

**लोगों से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे शिवांक सिंघलः** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक ने लोगों के बीच जनसंपर्क के दौरान पार्टी की नीतियों रखीं। कैशलेस स्वास्थ्य योजना, बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग के साथ-साथ 8500 सालभर देने जैसी योजना को विस्तार पूर्वक रखा। शिवांक ने कहा कि कांग्रेस अपने वादों के लिए जानी जाती है। कांग्रेस ने जिन राज्यों में जनता से जो भी वादे किए हैं उन्हें लागू किया गया है। आप तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में जनता से जो भी वादे किए गए कांग्रेस ने समयबद्ध तरीके से लागू किया। अगर दिल्ली में कांग्रेस चुनाव जीतती है तो सभी वादे पूरे होंगे और दिल्ली में विकास कार्य दोगुने रफ्तार से होगा।

कांग्रेस ने ही किया दिल्ली में विकास कार्यः शिवांक ने कहा कि दिल्ली में अगर किसी ने विकास कार्य किया तो वो तत्कालीन शीला दीक्षित सरकार में किया गया। दिल्ली में फ्लाईओवर का जाल बिछा तो शीला दीक्षित सरकार के कार्यकाल में हुआ। हम जुमलों की राजनीति नहीं करते , धरातल पर करते हैं।

**आप को घेरा, वादों पर उठाए सवालः** शिवांक सिंघल ने कहा कि आज दिल्ली में पिछले 12 वर्षों से केजरीवाल सरकार हैं, लेकिन दिल्ली में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ, सिर्फ झूठ की राजनीति की गई। हर तरफ कूड़े का अंबार लगा हुआ है, लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। शिवांक ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भारी संख्या में लोगों ने पीने का पानी की उपलब्ध न होने, गंदा और बदबूदार पानी आने की शिकायत की। लेकिन दिल्ली सरकार और उनके विधायकों ने इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया और आज ये समस्या विकराल बन कर सामने खड़ी है।

**मुकेश गोयल अपनी उपलब्धियां बताएंः**

शिवांक ने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल जनता के समक्ष अपनी उपलब्धियां रखें। पिछले कई सालों से मुकेश गोयल राजनीति में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, मुकेश गोयल बताएं आदर्श नगर विधानसभा में क्यों गंदगी का अंबार है। लोगों को पानी की सुविधा क्यों नहीं मिल रही।

वर्तमान विधायक भी आम आदमी पार्टी के हैं तो उन्होंने पिछले 12 वर्षों से क्या किया। मुकेश गोयल बताएं आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता मुकेश गोयल की नीतियों, बातों और इरादों पर कैसे विश्वास करें, क्योंकि ये भी आप के नुमाइंदें है। इस बार दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को सबक सिखाने का मन बना लिया है और दिल्ली की सत्ता में फिर से कांग्रेस की वापसी होगी।











